●वर्ष : 16 ●अंक : 166 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928




# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024

# वैवाहिक बलात्कार को अपराध बनाने की जरूरत नहीं

## सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा कहा- ये कानूनी से ज्यादा सामाजिक मुद्दा



नूना न्यूज एजेंसी

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों के देश में बहुत दूरगामी सामाजिक-कानूनी प्रभाव होंगे और इसलिए, सख्त कानूनी दृष्टिकोण के बजाय एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। केंद्र का कहना है कि मौजूदा कानूनों में महिलाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं। विवाह पारस्परिक दायित्वों की संस्था है। भारत में शादी को पारस्परिक दायित्वों की संस्था माना जाता है, जहां कसमों को अपरिवर्तनीय माना जाता है। धारा 375 के अपवाद 2 को खत्म करने से विवाह की संस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि संसद ने वर्तमान मुद्दे पर सभी पक्षों की राय से अवगत होने और अवगत होने के बाद वर्ष 2013 में उक्त धारा में संशोधन करते हुए आईपीसी की धारा 375 के अपवाद 2 को बरकरार रखने का निर्णय लिया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि संवैधानिक वैधता के आधार पर आईपीसी की धारा 375 के अपवाद 2 को रद्द करने से विवाह संस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि इससे वैवाहिक रिश्ते पर गंभीर असर पड़ सकता है और विवाह संस्था में गंभीर गड़बड़ी हो सकती है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि तेजी से बढ़ते और लगातार बदलते सामाजिक और पारिवारिक ढांचे में, संशोधित प्रावधानों के दुरुपयोग से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि किसी व्यक्ति के लिए यह साबित करना मुश्किल और चुनौतीपूर्ण होगा कि सहमति थी या नहीं।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों को ऐसे समझिए

दुनिया का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अमेरिका-इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस-चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है। समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा। यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं। वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए। ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इजराइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी। इसलिए पुनः यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं?

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# 'बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण विलुप्त होते जा रहे आदिवासी गांव'

## झारखंड चुनाव से पहले चंपई सोरेन का बड़ा दावा



नूना न्यूज एजेंसी

**झारखंड।** विधानसभा चुनाव में राज्य में बांग्लादेश से होने वाले घुसपैठ को भाजपा बड़ा मुद्दा बनाती हुई दिखाई दे रही है। झारखंड के पूर्व सीएम और हाल में ही बीजेपी में शामिल होने वाले चंपई सोरेन ने भी बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण एक के बाद एक आदिवासी गांव विलुप्त होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने समाज को आदिवासियों की लूटी जा रही जमीनों के प्रति जागृत कर रहा हूं. ये लोग कहां से आ रहे हैं? यहां आप जमीन नहीं बेच सकते लेकिन गांव खत्म हो रहे हैं और इसलिए मैं आदिवासी समुदाय को जगाने का काम कर रहा हूं। इससे पहले सोरेन ने 2000 में बिहार से अलग होकर बने राज्य झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ को एक बड़ी समस्या के रूप में सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि ये घुसपैठिए उन वीरों के वंशजों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में कभी विदेशी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की। इनके कारण फूल-झानो जैसी वीरांगनाओं को अपना आदर्श मानने वाली हमारी माताओं, बहनों और बेटियों की अस्मिता खतरे में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य की पहचान, संस्कृति और विरासत की कीमत पर घुसपैठियों का समर्थन करके वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि माटी, बेटी, रोटी को बचाने के लिए अब ऐसी ताकतों को बाहर करने का समय आ गया है। मोदी ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, झारखंड में बेटी, माटी, रोटी की रक्षा करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए परिवर्तन का समय आ गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन एक खतरनाक खेल खेल रहा है, जो घुसपैठियों को संरक्षण देते हुए लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपराओं को खतरे में डाल रहा है। परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और इसने लगभग 5,400 किलोमीटर की दूरी तय की। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि झामुमो नीत गठबंधन ऐसे लोगों द्वारा चलाया जा रहा है जो झारखंड की पहचान, संस्कृति और विरासत को मिटाना चाहते हैं। मोदी ने कहा, झामुमो और कांग्रेस में बैठे उनके आका झारखंड में आदिवासी समुदाय को अल्पसंख्यक बनाना चाहते हैं। उन्होंने हमेशा आदिवासी समाज के साथ विश्वासघात किया है और उन्हें कभी आगे बढ़ते नहीं देख सकते। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन पर आरोप लगाया कि वह सत्ता में बने रहने के लिए राज्य में नया वोट बैंक तैयार कर रहा है। मोदी ने कहा, वे सत्ता हासिल करने के लिए झारखंड का बलिदान देना चाहते हैं।

# हरियाणा में थमा चुनाव प्रचार का शोर

## 5 अक्टूबर को सभी 90 सीटों पर होगा मतदान

**हरियाणा।** में चुनाव प्रचार खत्म हो गया है। 5 अक्टूबर को 90 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में हैं। वहीं, कांग्रेस को एक दशक के लंबे अंतराल के बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद है। हरियाणा में 90 सीट हैं जहां एक ही चरण में वोट डाले जाएंगे। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर मतदान 5 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 8 अक्टूबर को चुनावी नतीजे आएंगे। हरियाणा में 8,821 शतकवीरों सहित दो करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। शाम छह बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, प्रमुख दलों भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), इनेलो-बसपा और जजपा-आजाद समाज पार्टी ने रैलियां और रोड शो कर मतदाताओं को आकर्षित करने के प्रयास किए। अधिकारियों के अनुसार कुल 20,629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। चुनावी मैदान में कुल 1031 उम्मीदवार हैं, जिनमें 101 महिलाएं हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी (लाडवा), विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा (गढ़ी सांपला-किलोई), इनेलो के अभय सिंह चौटाला (ऐलनाबाद), जजपा के दुष्यंत चौटाला (उचाना कलां), भाजपा के अनिल विज (अंबाला कैंट) और ओपी धनखड़ (बादली) और कांग्रेस की विनेश फोगट (जुलाना) शामिल हैं। वहीं निर्दलीय उम्मीदवारों में सावित्री जिंदल (हिसार), रंजीत चौटाला (रानिया) और चित्रा सरवारा (अंबाला कैंट) शामिल हैं। भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में डबल इंजन सरकार के काम और प्रदर्शन पर जोर दिया।

# उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## हनुमानगढ़ स्टेशन सुपरिटेंडेंट को मिला पत्र, खुद को जैश ए मोहम्मद का जम्मू-कश्मीर एरिया कमांडर बताया

● उज्जैन



प्रदेश के महाकाल मंदिर समेत कुछ रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। राजस्थान में हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन सुपरिटेंडेंट को धमकी भरा पत्र मिला है। इसमें मध्य प्रदेश-राजस्थान के रेलवे स्टेशन, महाकाल मंदिर समेत धार्मिक स्थलों में विस्फोट करने की बात लिखी है।

धमकी देने वाले ने खुद को जैश-ए-मोहम्मद का जम्मू-कश्मीर एरिया कमांडर मोहम्मद सलीम अंसारी बताया है। राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन सुपरिटेंडेंट नागेंद्र सिंह को मंगलवार शाम को पीले रंग का लिफाफा मिला। पत्र डिप्टी सुपरिटेंडेंट जगत नारायण के नाम से था। स्टेशन सुपरिटेंडेंट ने लेटर खोला तो गोल मुहर में पोस्ट ऑफिस कोड 14440 और पंजाबी में कुछ लिखा मिला। लेटर पर हनुमानगढ़ पोस्ट ऑफिस की 30 सितंबर की मुहर है। लेटर हाथ से लिखा गया है। (शेष पेज 5 पर)

### इनका कहना है

मीडिया के जरिए सूचना मिली है। हम सतर्कता बरत रहे हैं। राजस्थान पुलिस से संपर्क कर कार्रवाई की जाएगी। महाकाल मंदिर के आसपास पुलिस ने डॉग स्क्वॉड के साथ सर्चिंग शुरू कर दी है।

■ प्रदीप शर्मा
पुलिस अधीक्षक, उज्जैन

# मणिपुर में हिंसा, 3 की मौत, 10 से ज्यादा घायल

नई दिल्ली, मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक जमीन पर अपना दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में फायरिंग, चुराचांदपुर में उग्रवादी की हत्या

# पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 लोगों की मौत



## इनमें 2 पायलट, 1 इंजीनियर, टेक ऑफ के बाद 1.5 किमी. दूर हादसा हुआ

पुणे, महाराष्ट्र के पुणे जिले के बावधन में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें दो पायलट और एक इंजीनियर सवार थे। तीनों की मौत हो गई। घटना बावधन में केके कंस्ट्रक्शन हिल के पास सुबह करीब 6.45 बजे हुई।

पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ के डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के हेलिपैड से मुंबई के जुहू के लिए उड़ान भरी थी। करीब 10 मिनट बाद 1.5 किमी दूर जाकर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसा पहाड़ी इलाके में हुआ। वहां सुबह के समय घना कोहरा था। क्रैश होने के बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई। पुणे चीफ फायर ऑफिसर देवेन्द्र प्रभाकर पोटफोडे ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए दो एम्बुलेंस और चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

# गोविंदा से अस्पताल में पुलिस की पूछताछ

## अपने आप गोली चलने की बात से संतुष्ट नहीं पुलिस

● मुंबई



मुंबई पुलिस ने बुधवार को बॉलीवुड एक्टर गोविंदा से अस्पताल में गोलीकांड पर पूछताछ की। गोविंदा 1 अक्टूबर को पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे। उन्होंने कहा था कि वे रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। गोविंदा के पैर का ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई है। वे मुंबई के क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती हैं। जुहू पुलिस ने जब उनसे सवाल किए तो गोविंदा ने गोली के मिसफायर होने की बात दोहराई।

एक्टर ने पुलिस को बताया कि रिवॉल्वर 20 साल पुरानी है। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। पुलिस गोविंदा के बयान से संतुष्ट नहीं है और जल्द ही उनसे दोबारा पूछताछ करेगी। पुलिस ने गोविंदा की बेटी टीना आहूजा के भी बयान दर्ज किए हैं। गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने बताया है कि वे एक प्रोग्राम के लिए कोलकाता जा रहे थे। 6 बजे की फ्लाइट थी। अलमारी में रिवॉल्वर रखते हुए मिस फायर हुआ और उनके घुटने के नीचे गोली लग गई।

## घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

### चौघड़ियां के अनुसार

चर- सुबह 10 .30 से दोपहर 12 बजे तक

लाभ-दोपहर 12 से 1 .30 बजे तक

अमृत- दोपहर 1 .30 से 3 बजे तक

शुभ- शाम 4.30 से 6 बजे तक

अमृत- शाम 6 बजे से 7.30 बजे तक

चर- रात्रि 7.30 से 9 बजे तक

### स्थिर लग्न शुभ मुहूर्त

वृश्चिक- सुबह 9.22 से 11.39 बजे तक

कुंभ- दोप. 3.31 से 5.04 बजे तक

वृष- रात्रि 8.15 बजे से 10.14 बजे तक

## लव जिहाद की सजा उम्रकैद

पहली बार अदालत ने इस तरह लव जिहाद को लेकर की टिप्पणियां

# मुस्लिम पुरुष कर रहे लव जिहाद, इसमें विदेशी फंडिंग है

● लखनऊ

उत्तर प्रदेश के बरेली की एक अदालत ने लव जिहाद के आरोप में एक मुस्लिम युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने कई तीखी टिप्पणियां करते हुए कहा कि यह भी सच ही है कि लव जिहाद को अंजाम दिया जा रहा है।

एडिशनल सेशन जज रवि कुमार दिवाकर ने कहा कि लव जिहाद के तहत मुस्लिम पुरुष पूरी प्लानिंग के साथ हिंदू महिलाओं को टारगेट कर रहे हैं। उनके आगे प्यार का नाटक करते हुए शादी करते हैं और फिर उनका इस्लाम में धर्मांतरण कराया जाता है। यह शायद पहला मौका है, जब देश में किसी अदालत ने इस तरह लव जिहाद को लेकर टिप्पणियां की हैं। जज रवि कुमार दिवाकर ने कहा, इस केस में आरोपी मोहम्मद आलिम ने पीड़िता को अपना नाम आनंद बताया। फिर उसके साथ प्यार की बात की और हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी भी कर ली। इसके बाद उसका रेप किया गया। इस दौरान उसकी तस्वीरें और वीडियो भी बना लिए गए।



### कुछ अराजक तत्वों के कारण पूरा मजहब बदनाम

अदालत ने कहा, सीधे शब्दों में कहें तो लव जिहाद एक ऐसी प्रैक्टिस है, जिसे मुस्लिम पुरुष गैर-मुसलमान महिलाओं के खिलाफ अंजाम देते हैं। इसके तहत उनके साथ प्यार का नाटक करके शादी कर ली जाती है। फिर उनका धर्मांतरण कराया जाता है। जज ने कहा, इसमें एक ही धर्म के कुछ अराजक तत्व शामिल रहते हैं। यह पूरा मामला अंतरराष्ट्रीय साजिश का है। कुछ अराजक तत्व ही ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं, लेकिन इसके चलते पूरा मजहब ही बदनाम होता है। लव जिहाद के लिए बहुत पैसे की जरूरत होती है। इसलिए लव जिहाद में विदेशी फंडिंग से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जज ने यह भी कहा कि किसी को भी यह अधिकार नहीं दिया जा सकता कि वह जबरन किसी का धर्मांतरण कराए।

### इससे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को खतरा

अदालत ने कहा, यदि किसी का अवैध रूप से धर्मांतरण होता है। इसके लिए जबरदस्ती की जाती है, झूठ बोला जाता है, लालच दिया जाता है या फिर धोखा दिया जाता है तो फिर निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश धर्मांतरण रोधी कानून, 2021 के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें यह नहीं देखना चाहिए कि कौन व्यक्ति है। यदि भारत सरकार लव जिहाद के तहत इस तरह के अवैध धर्मांतरण को समय पर रोक नहीं पाई तो फिर देश को भविष्य में इसके अंजाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि इन मामलों को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि ये देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा हैं।

# रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाया तीन फीट तक हुआ गड्ढा



### 39 मीटर दूर गिरा पटरी का हिस्सा

**साहिबगंज,** साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बदमाशों ने बम से उड़ा दिया है। इसमें ट्रैक का 470 सेंटीमीटर टुकड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि रेलवे ट्रैक का हिस्सा 39 मीटर दूरी जा गिरा। ब्लास्ट के बाद ट्रैक में 770 सेंटीमीटर का गैप आ गया। वहीं 3 फीट गहरा गड्ढा हुआ है। ब्लास्ट पिलर संख्या 40/1 के पास हुआ है। ट्रैक का टुकड़ा पिलर संख्या 39/15 पर मिला है।

# नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी महेंद्रगढ़ में



हिंदुस्तान का किसान- मजदूर कोई free gift - तोहफा नहीं चाहता.. वो सिर्फ. अपना हक माँग रहा है और कुछ नहीं अगर अंबानी-अड़ानी का loan माफ होगा तो फिर किसान का भी कर्जा माफ होगा किसान-मजदूर- गरीब को उनका हक मिलेगा मेरा एक लक्ष्य है और मैं आपको साफ बता देता हूँ की ये जो मीडियावाले है - अड़ानी - अंबानी वाले इनको ये बात अच्छी नहीं लगेगी मैं record रख रहा हूँ ... मैं ऐसे ही बात नहीं कर रहा ... दस साल से गिनती कर रहा हूँ .. और जैसे ही मौका मिलेगा जितना पैसा उन्होंने उद्योगपतियों को दिया ना, उतना पैसा मैं उठा के आप को दूँगा फिर ये सारे मीडिया वाले चिल्लाएँगे - सारे TV वाले चिल्लाएँगे ... ये देखो गरीबों की आदत खराब हो रही है - ये देखो राहुल गांधी ने गरीबों - किसानों - मजदूरों की आदत बिगड़ दी

**अरे भाई अड़ानी - अंबानी की आदत नहीं बिगड़ती क्या ?**

उनके लाखों करोड़ रुपए माफ हो जाते हैं ... उनकी आदत नहीं बिगड़ती ? उनका विकास हो रहा हैं और जब किसान का कर्जा माफ किया तो कहते है की देखो आदत बिगड़ दी

आपने उनकी बहुत आदत खराब की है अब हम इनकी - गरीबों - किसानों - मजदूरों की आदत खराब करेंगे जब अडानी के मुंद्रा पोर्ट पर हजारों किलो ड्रग्स पकड़ी जाती है, तो नरेंद्र मोदी कुछ नहीं करते नरेंद्र मोदी लंबे-लंबे भाषण देते हैं, लेकिन जब उनके मित्र के पोर्ट पर हजारों किलो ड्रग्स मिलती है, तो कोई कार्रवाई नहीं करते

**अग्निवीर योजना के दो लक्ष्य हैं:**

पहला: हमारे जवानों की ट्रेनिंग, पेंशन, कैंटीन और मुआवजे में खर्च होने वाले पैसे को छीनना

दूसरा: सेना के जवानों को मिलने वाली सुविधाओं का पैसा अडानी और उसकी डिफेंस कंपनी को देना देश में नरेंद्र मोदी ने ऐसा माहौल बना दिया है कि अगर आप 25 अरबपतियों में से हैं तो आपकी लॉटरी खुलेगी आपके लिए बैंक के दरवाजे खुले रहेंगे आपका लाखों-करोड़ों रुपए का कर्ज माफ हो जाएगा लेकिन अगर आप देश के युवा हैं, किसान हैं, मजदूर हैं.. तो आपको अपनी मेहनत का फल नहीं मिल सकता आप सभी ने देखा कि BJP ने देश के पहलवानों के साथ क्या किया BJP का सदस्य बिना डरे महिलाओं के खिलाफ अपराध कर रहा है, उनका यौन उत्पीड़न कर रहा है, लेकिन BJP को कोई मतलब नहीं ये संविधान पर आक्रमण है, क्योंकि संविधान कहता है कि देश की हर महिला की रक्षा होनी चाहिए

# लाल किला मैदान पर गणेश पूजन से लीला मंचन प्रारंभ



**नई दिल्ली** विश्व प्रसिद्ध लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्री अर्जुन कुमार ने बताया कि ऐतिहासिक लालकिला मैदान में वीरेंद्र सचदेवा अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश भाजपा, श्री किशोर मकवाना चेयरमैन, एनसीएससी के कर कमलो से काशी एवं मथुरा के विद्वान पंडितो ने प्रथम पूज्य बाबा गणपति का पूजन संपन्न करायो लीला प्रेसिडेंट अर्जुन कुमार ने बताया रामेश्वरम धाम की थीम पर बने विशाल मंच पर गणेश पूजन से शुरू हुई लीला में सर्वप्रथम शिव पार्वती प्रसंग , नारद मोह, से लेकर रावण वेदवती संवाद तक की लीला का मंचन हुआ। लीला के जनरल सेक्रेट्री सुभाष गोयल ने बताया आज की लीला में मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारो ने अभिनय कियो लीला में आए हुए सभी अतिथियों को पटका स्मृति चिन्ह, शक्ति की प्रतीक गदा भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कमेटी के सत्य भूषण जैन , सौरव गुप्ता, संदीप भूटानी, देवेंद्र चौधरी, प्रवीण सिंगल, अंकुर गोयल, संजय वर्मा आदि सम्मिलित हुए

# राजस्थान में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं: ऊर्जा मंत्री



**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर।**

**राजस्थान** के ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित "रिन्यूअल एनर्जी इंडिया एक्सपो" के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। एक्सपो में राजस्थान सोलर एसोसिएशन द्वारा आयोजित "अग्रणी राजस्थान" प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम का श्री नागर ने उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री नागर ने कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है, जहां सोलर ऊर्जा उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निवेशकों की पहली पसंद के रूप में हमारे प्रदेश के पास सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त रेडिएशन है और भूमि की पर्याप्त उपलब्धता है। रेगिस्तान के रूप में हमारे पास जमीन है और सोलर प्रोजेक्ट लगाए जाने की बेहतरीन दशाएं मौजूद हैं। श्री नागर ने कहा कि किसी भी देश की जीडीपी को बढ़ाने के लिए बिजली महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बिना विकास को गति देना संभव नहीं है। श्री नागर ने कहा कि राजस्थान में आज लगभग 22 हजार मेगावाट से अधिक सोलर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता है, लेकिन राज्य के लिए जो उपयोग हो रहा है वह लगभग 5000 मेगावाट ही है। बाकी सरप्लस सोलर एनर्जी हम अन्य राज्यों को देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सौर ऊर्जा से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है। उस लक्ष्य को पूरा करने में राजस्थान बड़ी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर इस वर्ष दिसंबर माह में आयोजित किए जा रहे "राइजिंग राजस्थान कॉन्क्लेव" में इन्वेस्टर्स को आमंत्रित करते हुए श्री नागर ने कहा कि राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र सहित किसी भी अन्य संभावित क्षेत्र में निवेश के लिए जो भी उद्यमी आगे आना चाहते हैं वह राइजिंग राजस्थान कॉन्क्लेव में आकर सरकार के साथ भागीदारी को आगे बढ़ा सकते हैं। राजस्थान सरकार औद्योगिक प्रोजेक्ट लगाने के लिए निवेशकों को उपयुक्त सभी सुविधाएं, रियायतें प्राथमिकता के साथ देने के लिए तैयार है। राज्य सरकार ने निवेशकों के हित में नीतिगत स्तर पर कई सकारात्मक फैसले लिए हैं। हमारी सरकार ने 9 महीने के कार्यकाल में 32000 मेगावाट बिजली उत्पादन के संयंत्र लगाने के एमओयू साइन किये है। श्री नागर ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि राजस्थान में सोलर ऊर्जा सहित सम्पूर्ण रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर को और अधिक मजबूत बनाया जाए ताकि राज्य के साथ-साथ देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके।

# बैटरी शो इंडिया और रीन्युएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो 2024 मेगा शो।



**नई दिल्ली:** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में रीन्युएबल एनर्जी इंडिया (आरईआई) एक्सपो के 17वें संस्करण का तीन दिवसीय मेगा शो की शुरूआत हुई। इसी के साथ बैटरी शो इंडिया के दूसरे संस्करण का आयोजन भी किया जा रहा है। इस तरह यह आयोजन नवीकरणीय उर्जा, बैटरी स्टोरेज एवं ईवी सेक्टरों के लिए महत्वपूर्ण मंच होगा, और दोनों उद्योगों के लिए आपसी सहयोग और इनोवेशन्स को बढ़ावा देगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन गणमान्य दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। इनमें हीरा लाल नागर, राज्य मंत्री, उर्जा विभाग, राजस्थान सरकार, मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव, विद्युत एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग, मध्य प्रदेश सरकार; शांतनु जयसवाल, हैड ऑफ इंडिया रीसर्च, ब्लूमबर्ग, एनईएफ; एलेक्स व्हिटवर्थ, वाईस प्रेजीडेन्ट एवं हैड ऑफ एशिया पेसिफिक पावर एण्ड रीन्युएबल्स रीसर्च, वुड मैकेन्जी; पीटर हॉल, प्रेजीडेन्ट, आईएमईटीए क्षेत्र, इन्फोर्मा मार्केट्स; योगेश मुद्रास, , सीनियर ग्रुप डायरेक्टर, एनर्जी पोर्टफोलियो, इनफोर्मा मार्केट्स इन इंडिया शामिल रहे। इस अवसर पर योगेश मुद्रास, मैनेजिंग डायरेक्टर, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने कहा, रीन्युएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो 2024 और इसके साथ बैटरी शो इंडिया, देश की सीओपी 26 प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं, जो कार्बन फुटप्रिन्ट कम करने और नवीरकरणीय उर्जा को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। बैटरी शो इंडिया भी देश के विकसित होते बैटरी स्टोरेज मार्केट पर रोशनी डाल रहा है, जो 2031-32 तक 47 गीगावॅट तक पहुंचने का अनुमान है। लिथियन-आयन बैटरी के स्वदेशी उत्पादन में भारत के प्रयास उल्लेखनीय हैं, उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इससे उत्पादन क्षमता 2030 तक 150 गीगावॅट के आंकड़े पर पहुंच जाएगी, जो सैल की कुल मांग का 13 फीसदी हिस्सा कवर करेगा। मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव, विद्युत एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग, मध्य प्रदेश सरकार ने कहा, भारत के नवीकरणीय उर्जा सेक्टर में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं, मध्य प्रदेश के रेवा में परियोजना बिना सब्सिडी के सौर उर्जा की लागत कोयले से भी कम करने में महत्वपूर्ण साबित होगी। माननीय हीरा लाल नागर, राज्य मंत्री, उर्जा विभाग, राजस्थान सरकार ने कहा, राजस्थान भारत की नवीकरणीय उर्जा लक्ष्यों में मुख्य भूमिका निभाता है, यह प्रदेश प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुरूप देश के 500 गीगावॅट लक्ष्यों में मुख्य योगदान दे रहा है। विशाल रेगिस्तान के चलते यहां सौर और पवन उर्जा का उपयोग करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में राज्य और 20,000 मेगावॅट सौर उर्जा का उत्पादन करता है, जिसमें से 5000 मेगावॅट उर्जा का उपयोग स्थानीय रूप से किया जाता है, शेष उर्जा को देश के अन्य स्थानों पर भेजा जाता है। इसमें प्रमुख रूप से सोलरफिक्स और कानेमासा जापान के बीच एक एमओयू पर साईन किए जाएंगे। यह साझेदारी भारत में एग्री-पीवी ऐप्लीशन्स के लिए आधुनिक एसआरए ट्रैकर तकनीक पेश करेगी। इस साल सौर उर्जा, पवन उर्जा, जैव उर्जा और एनर्जी स्टोरेज पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। मुख्य प्रदर्शकों में रिलायन्स इंडस्ट्रीज, अदानी सोलर, गौतम सोलर, एमवी, विक्रम सोलर, वारी, जेएसडब्लयू स्टील, एनविजन आदि शामिल होंगे।कई अन्य महत्वपूर्ण एनर्जी,निमार्ता,और सहयोगी देश विदेश की लगभग 700कंपनियों ने भाग लिया। अडवांटेज राजस्थान सत्र पहले दिन का आकर्षण रहा, जिसका नेतृत्व राजस्थान के माननीय उर्जा मंत्री श्री हीरा लाल नागर द्वारा किया गया।

# डॉ. किरोड़ी लाल मीना के सभी आरोप मनगढ़ंत, बेबुनियाद, वक्फ संपत्ति के बारे में जानकारी के अभाव पर आधारित और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हैं: मौलाना फजल-उर-रहीम मुज्जदी

**अब्दुल हफीज**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना फजल-उर-रहीम मुज्जदी ने आज जयपुर के एक होटल में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन करके किरोड़ी मीना के आरोपों का जवाब दिया। उन्होने कहा कि मंत्री के सभी आरोप मनगढ़ंत, निराधार, वक्फ संपत्ति के बारे में जानकारी के अभाव पर आधारित और राजनीतिक द्वेष से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि उक्त मंत्री ने मुझ पर आरोप लगाया है कि मैंने 1400 बीघे जमीन पर कब्जा कर लिया है जबकि हकीकत यह है कि इन 1400 बीघे में से मैंने सिर्फ 152 बीघे जमीन पट्टादारों से खरीदी है पट्टेदारों से खरीदी गई जमीन का सभी आधिकारिक दस्तावेज मेरे पास हैं। राजस्थान की सभी अदालतों ने मेरे पक्ष में फैसला सुनाया है और अब मामला सुप्रीम कोर्ट के पास है, जिसने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। मौलाना मुजद्दी ने सिलसिलेवार आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि माननीय डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने 30 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी राजस्थान जयपुर कार्यालय में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिना किसी ठोस सबूत और दस्तावेज के उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने आरोप लगाया कि फजल-उर-रहीम, उनकी बेटी समरा सुल्ताना, दामाद मोहम्मद शोएब कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी हैं और कांग्रेस के इशारे पर देश का माहौल खराब करने पर तुले हैं। ये आरोप निराधार हैं. मौलाना ने कहा कि श्री मीना हमारे मंत्री भी हैं, हम उनका सम्मान करते हैं, अगर उन्हें कोई गलतफहमी है तो हम उनकी गलतफहमी दूर करने के लिए तैयार हैं। उनके बारे में हमारे दिल में कोई गलत राय नहीं है. उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एमए खान ने कानून के आलोक में आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि श्री किरोड़ीलाल मीना का यह आरोप कि फजलुर रहीम ने मंदिर की 1400 बीघे जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है, यह आरोप निराधार है. उन्होंने कहा कि किरोड़ी लाल मीणा का यह कहना कि सालाना 1000 करोड़ रुपये का चंदा विदेशों से आता है, निराधार है. दरअसल, अगर विदेश से कोई दान आता है तो उसे एफसीआरए के तहत भारत सरकार के गृह विभाग को सौंपा जाता है। सेल में पंजीकृत होना चाहिए। जामिया हिदाया और मौलाना अब्दुल रहीम एजुकेशनल ट्रस्ट एक पंजीकृत संगठन है। पहले जब भी विदेश से कोई दान आता था तो उसका विस्तृत ब्यौरा दिया जाता था. यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले 4 वर्षों में विदेश से किसी भी प्रकार का कोई दान नहीं मिला है। मुंबई में रहने वाले आदिवासियों की जमीन बेचने का आरोप गलत और निराधार है। आदिवासियों की संपत्ति से हमारा कोई लेना-देना नहीं है. श्री खान ने कहा कि मौलाना फजल-उर-रहीम ने वक्फ संशोधन विधेयक में संशोधन के संबंध में देश के विभिन्न नेताओं से मुलाकात की है, किसी भी तरह से कोई उकसावे की बात नहीं कही गयी है. जेपीसी के अध्यक्ष श्री जगदंबिका पाल ने वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए मौलाना फजलुर रहीम को भी आमंत्रित किया था। गौरतलब है कि इस से पहले किरोड़ी लाल मीना ने आरोप लगाया था कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव फजलुर रहीम, देश के मुसलमानों को भड़का रहे हैं और हिंसा फैलाने पर आमादा हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से नजदीकी संबंध रखने वाले रहीम मोदी के खिलाफ अशांति और अस्थिरता पैदा करने का अभियान चला रहे हैं। मंत्री ने आरोप लगाया था कि रहीम ने वक्फ बोर्ड और ट्रस्ट की संपत्तियों को अपनी निजी संपत्ति समझकर राजस्थान समेत देश में बड़ी मात्रा में जमीनें बेच दी हैं। मीना ने कहा, "उनके निजी ट्रस्टों में विदेशों खासकर खाड़ी देशों से धन आया है, जिसका इस्तेमाल राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में किया जा रहा है।




# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे महाप्रबंधक ने किया श्रमदान, पेपरलैस यात्रा के प्रति यात्रियों को किया गया जागरूक

नई दिल्ली, अक्तूबर : महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य गांधी जी के स्वच्छता के सपने को साकार करना और उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना है। 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर श्रमदान किया। दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ श्रमदान में भाग लिया। इस दौरान महाप्रबंधक को स्टेशन पर मशीनीकृत सफाई और स्वच्छता फीडबैक के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और परिवर्तित स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों (सीटीयू) का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर में पौधारोपण और थीमेटिक पेंटिंग का भी शुभारंभ किया। यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक और स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को कोचों को साफ रखने के लिए मेरी सीट मेरा डब्बा थीम पर जागरुकता अभियान चलाया गया। बायो टॉयलेट के उपयोग और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नोटिस लगाए गए। सभी यात्रियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई और पेपरलेस यात्रा के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

# मोहम्मद साहब की शान में यती नरसिंहा नंद ने आपत्तिजनक टिप्पणियाँ की, अध्यक्ष जमीयत उलेमा-ए-हिंद मौलाना महमूद असद मदनी ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई की मांग की



**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर 2024:** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर गाज़ियाबाद (उत्तर प्रदेश) के डासना देवी मंदिर के महंत यती नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा मोहम्मद साहब की शान में की गई अत्यंत अपमानजनक और दिल दुखाने वाली टिप्पणियों की शिकायत की है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा की जा रही है, जिसमें पैगंबर मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ निंदनीय और शर्मनाक बातें कही गई हैं। इसे एक गैर-मुस्लिम व्यक्ति द्वारा अपने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) हैंडल 'सनातन उषादल' से पोस्ट किया गया है। वीडियो में कही गई बातें असहनीय और अत्यंत निंदनीय हैं, जिसने विश्वभर के मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने अपने पत्र में यती नरसिंहानंद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और इसे राष्ट्रीय अखंडता के लिए एक गंभीर खतरा करार दिया है। मौलाना मदनी ने पत्र में इस बात पर जोर दिया है कि यती नरसिंहानंद नफरत फैलाने वाला व्यक्ति है, जो बार-बार इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ जहर उगलता रहा है। लेकिन इस बार उसने सभी हदें पार कर दी हैं, जिन्हें किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह बयान न केवल मुसलमानों की भावनाओं का अपमान है, बल्कि यह एक सोची-समझी योजना के तहत सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश है, जो देश की शांति और स्थिरता को प्रभावित कर सकती है। मौलाना मदनी ने मांग की है कि यती नरसिंहानंद के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए, साथ ही आपत्तिजनक वीडियो को बिना देरी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से हटाया जाए और इन प्लेटफार्मों को इस प्रकार की सामग्री के प्रसार पर कानूनी रूप से जवाबदेह ठहराया जाए। मौलाना मदनी ने यह भी मांग की कि नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने के लिए निगरानी प्रणाली स्थापित की जाए, ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति या समूह धार्मिक व्यक्तित्वों या समुदायों को निशाना बनाकर देश की शांति को नष्ट न कर सके। मौलाना मदनी ने कहा कि भारत का संविधान हर धर्म का सम्मान करने की गारंटी देता है और इस प्रकार के नफरत भरे भाषण और बयान न केवल कानूनी दृष्टिकोण से अपराध हैं, बल्कि नैतिक रूप से भी अत्यंत निंदनीय हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार तुरंत कार्रवाई करने में विफल रहती है, तो इससे ऐसे तत्वों की हिम्मत बढ़ेगी। अतः सरकार को इस मामले में किसी भी प्रकार की नरमी न बरतते हुए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट संदेश जाए कि धार्मिक अपमान और नफरत फैलाने वाले भाषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, इस पत्र की एक प्रति गाज़ियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा को भी भेजी जाएगी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने इस संबंध में गाज़ियाबाद के स्थानीय पुलिस अधिकारियों से फोन पर बात की है और कल मिलने का समय भी मांगा है।

# सीएसयू के कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने मिल कर स्वच्छता अभियान 4.0 के अन्तर्गत जनपुरी डी 1 के उद्यान में सघन सफाई में बढ चढ भाग लिया

**अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ, आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ, सीएसयू, दिल्ली।** सूचनीय है कि केंद्रीय संस्कृत , दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी के मार्गदर्शन में सीएसयू के निकट अवस्थित डी 1 ब्लॉक के बड़े उद्यान में एक सघन सफाई अभियान प्रो मदन मोहन झा ,डीन , छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में किया गया । प्रो झा इस अभियान में स्वयं उपस्थित थे और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते कहा का इसमें सीएसयू , के अधिसंख्य कर्मयोगियों तथा अधिकारियों ने तो भाग लिया ही , साथ ही साथ छात्र छात्राओं ने बढ चढ कर सरीक हुए जो इस अभियान की सफलता का सूचक है क्योंकि युवा पीढ़ी जब किसी राष्ट्रीय अभियान में जुड़ जाते हैं तो उसकी सफलता और प्रबल हो जाती है । इस स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी श्री रोहतास सिंह ने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए निर्मित विविध समितियों के अधिकारियों ने कहा है इसके अगले चरण में विश्वविद्यालय के विविध विभागों को सौन्दर्यकरण के माध्यम से स्वचछता के अभियान पर बल दिया जाएगा । श्री शशि कान्त , उप निदेशक ,वित्त ने भी कहा कि कुलपति जी के मार्गदर्शन में अपना विश्वविद्यालय जो पेपर लेस अभियान की ओर अग्रसर है ,वह पहल भी कार्यालय की स्वच्छ बनाने में सहायक हुआ है। विभाग अधिकारी ,प्रशासन एक तथा दो क्रमशः श्रीमति पापिया दास तथा श्री मनीष लोहानी ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में अपना सीएसयू बहुत ही सजग है। ध्यातव्य है कि इस अवसर पर प्रो झा तथा सीएसयू के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के समक्ष उस सोसायटी के प्रधान जी द्वारा सीएसयू के सभी सफाईकर्मियों को पुष्प माला पहना कर सम्मानित भी किया गया। डा अमृता कौर ने कहा कि इस तरह का सम्मान की परम्परा बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर सोसायटी के बच्चे विशेष कल वरिष्ठ नागरिकों के मुख पर बहुत ही प्रसन्नता देखी गयी और उन्होंने सीएसयू के अनेक लोगों से बातें भी की ।





# अरविंद केजरीवाल के नए ठिकाने को लेकर सामने आई बड़ी खबर

## कल खाली कर देंगे सीएम आवास



**दिल्ली।** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को सीएम आवास खाली कर सकते हैं। आप के मुताबिक, पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए नई दिल्ली इलाके में एक घर फाइनल कर लिया गया है, जहां वह सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को खाली करके अपने परिवार के साथ रहेंगे। इससे पहले, सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल के अपने परिवार के साथ मंडी हाउस के पास फिरोज शाह रोड पर आप के राज्यसभा सांसदों को आवंटित दो आधिकारिक बंगलों में से एक में रहने की उम्मीद थी। दोनों बंगले रविशंकर शुक्ला लेन स्थित आप मुख्यालय से कुछ ही मीटर की दूरी पर हैं। इस महीने की शुरूआत में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले केजरीवाल ने कहा कि वह नवरात्रि अवधि के दौरान आधिकारिक फ्लैगस्टाफ रोड आवास खाली कर देंगे। शुभ हिंदू त्योहार गुरुवार से शुरू हो रहा है। पार्टी ने नए आवास के स्थान का खुलासा किए बिना एक बयान में कहा, "केजरीवाल अगले 1-2 दिनों में आधिकारिक सीएम आवास छोड़ देंगे, क्योंकि उनके और उनके परिवार के लिए एक घर को अंतिम रूप दिया गया है। केजरीवाल अपने परिवार के साथ नए आवास में रहेंगे। दिल्ली विधानसभा में उनके द्वारा दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया गया। विशेष रूप से, 17 सितंबर को, केजरीवाल ने दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया था, जिसके बाद उत्पाद शुल्क नीति मामले में आप प्रमुख को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा किए जाने के कुछ दिनों बाद आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा किया था। केजरीवाल ने कहा कि वह इस पद पर तभी लौटेंगे जब उन्हें फरवरी 2025 में होने वाले संभावित विधानसभा चुनावों में दिल्ली के लोगों से नया जनादेश और "ईमानदारी का प्रमाण पत्र" मिलेगा।

# जया बच्चन सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय समिति से अलग हुई

**दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति की सदस्यता छोड़ दी है जिसके अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे हैं। राज्यसभा सचिवालय के एक बुलेटिन के अनुसार जया बच्चन अब कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता वाली श्रम, वस्त्र और कौशल विकास पर संसदीय स्थायी समिति की सदस्य होंगी। श्रम पर संसदीय स्थायी समिति के सदस्य रहे तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले अब जया बच्चन की जगह संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय समिति में शामिल होंगे। राज्यसभा सदस्य ए ए रहीम (माकपा) और आर गिरिराजन, जो शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय समिति के सदस्य थे, अब आवास और शहरी मामलों की संसदीय समिति के सदस्य हैं। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने जनता दल (यूनाइटेड) के सदस्य संजय कुमार झा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य धैर्यशील पाटिल को जल संसाधन पर विभाग संबंधी संसदीय स्थायी समिति का सदस्य नामित किया है। झा परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर संसदीय स्थायी समिति के भी अध्यक्ष हैं।

# गोरक्षपीठाधीश्वर के सानिध्य में शारदीय नवरात्र का विशेष अनुष्ठान प्रारंभ



**गोरखपुर, 3 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन (प्रतिपदा), गुरुवार को शिवावतार एवं नाथपंथ के प्रणेता गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ में लोक कल्याण की मंगलकामना के साथ मां आदिशक्ति की उपासना का विशेष अनुष्ठान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में पीठ की परंपरा के अनुसार वैदिक विधिविधान से प्रारंभ हो गया। गुरुवार सायंकाल गोरक्षपीठाधीश्वर ने मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्तिपीठ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कर प्रथम दिन मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की। शारदीय नवरात्र प्रतिपदा का अनुष्ठान मां जगतजननी की आराधना, देवी पाठ, आरती और क्षमा प्रार्थना के साथ पूर्ण हुआ। कलश स्थापना के पूर्व गोरखनाथ मंदिर परिसर में भव्य कलश शोभायात्रा पारंपरिक तरीके और श्रद्धाभाव से निकाली गई। सायंकाल गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की अगुवाई में साधु-संतों की शोभायात्रा, परंपरागत वाद्य यंत्रों घंट-घड़ियाल, तुरही, शंख की ध्वनियों और मां दुर्गा के जयघोष के बीच पौराणिक मान्यता वाले भीम सरोवर पर पहुंची। जहां कलश भरने और सरोवर की परिक्रमा के बाद शोभायात्रा वापस शक्तिपीठ आई। इसके बाद जल से भरा कलश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं उठाया और शक्तिपीठ के गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वरुण देवता का आवाहन कर इसे स्थापित किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले मां दुर्गा, भगवान शिव और गुरु गोरखनाथ के शस्त्र त्रिशूल को प्रतिष्ठित करके गौरी-गणेश की आराधना की। इसके साथ ही दुर्गा मंदिर (शक्तिपीठ) के गर्भगृह में श्रीमददेवीभागवत का पारायण पाठ एवं श्रीदुर्गासप्तशती के पाठ का भी शुभारंभ हो गया। पाठ के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# नवरात्र के पहले दिन सीएम योगी ने दी नारी गरिमा और सम्मान से जुड़ी सौगात



**गोरखपुर, 3 अक्टूबर।** महिलाओं की गरिमा और सम्मान से जुड़ी बड़ी सहूलियत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन सिविल लाइंस स्थित पार्क रोड पर पिंक बस टॉयलेट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के वाहनों, सीवेज सफाई की अत्याधुनिक मशीनों, बैंडीकोट रोबोट और विदेश से मंगाई गई डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने नवरात्र दुर्गोत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छ पंडाल पोस्टर को विमोचन भी किया और लोगों को जीरो वेस्ट त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया। पिंक बस टॉयलेट का फीता काटकर लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंदर जाकर इसका अवलोकन-निरीक्षण किया और इसमें बनाई गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पिंक बस टॉयलेट के पिछले हिस्से में बने कैफे का भी उद्घाटन किया और इस कैफे का संचालन करने वाली महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। नगर निगम की तरफ से सिविल लाइंस क्षेत्र में इस पिंक बस टॉयलेट की शुरूआत होने के साथ इसकी संख्या दो हो गई है। इसके पहले एक पिंक टॉयलेट रामगढ़ताल रोड पर बुद्धा गेट के आगे पहले से ही क्रियाशील है। पिंक बस टॉयलेट को कबाड़ घोषित रोडवेज की बसों को मोडिफाइड करके बनाया गया है। इसमें इंडियन और वेस्टर्न टॉयलेट, वॉश बेसिन, आदि की सुविधा है। इसमें प्रसाधन संबंधी सुविधाओं के साथ कैफे की भी सुविधा दी गई है। पिंक बस टॉयलेट में बिजली संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सोलर सिस्टम भी इंस्टाल किया गया है।

### ›› और सुदृढ़ होगी महानगर की सफाई व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सफाई वाहनों हरी झंडी दिखाए जाने के साथ ही महानगर की सफाई व्यवस्था अब और भी सुदृढ़ हो जाएगी। सीएम योगी ने आज नगर निगम के सफाई बेड़े के शामिल डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की 12 छोटी गाड़ियों, दो बड़ी गाड़ियों को रवाना किया।

वाहन के पिछले हिस्से में कैफे बनाया गया है। कैफे के संचालन से जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा गया है। कैफे में खानपान के कई तरह सामान मिलेंगे।

# अब मंडल स्तर पर भी ट्रेड शो आयोजित करेगी योगी सरकार



### ›› बाहर के बाजारों में आक्रामक मार्केटिंग की आवश्यकता

प्रमुख सचिव, एमएसएमई आलोक कुमार ने बताया कि इस प्रोग्राम के दो उद्देश्य थे। पहला छोटे उद्योगों को इंटरनेशनल लेवल का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना और दूसरा हमारे क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से दुनिया को परिचित कराना था। भारत के बहुत सारे ब्रांड तो पहले से ही विदेशों में हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश का ब्रांड नहीं है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा इरादा उत्तर प्रदेश को शोकेस करना भी था। अब हमारा प्रयास मंडल स्तर पर इस तरह के आयोजन करने का है। इसमें भले ही इंटरनेशनल बायर्स तो बड़ी संख्या में नहीं आएंगे, लेकिन प्रदेश के बाहर के बायर्स इसमें हिस्सा ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को लैंड लॉक से ज्यादा माइंड लॉक स्टेट मान लिया गया है, क्योंकि हम अपने ही बाजार को देखते हैं। जो बाहर के बाजारों की पोटेंशियल है, जहां से हम ज्यादा पैसा कमा सकते हैं, इसके लिए हमने अब तक आक्रामक तरीके से मार्केटिंग नहीं की है। इस ट्रेड शो के माध्यम से यह लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

### ›› कार्ययोजना पर हो रहा काम

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण ने सभी अपेक्षाओं से आगे जाकर उत्तर प्रदेश के व्यापार और औद्योगिक विकास में एक नया अध्याय लिखा है। 2023 में हुए पहले संस्करण की तुलना में दूसरे संस्करण ने नए मानक स्थापित किए हैं, जिससे यूपीआईटीएस भारत के प्रमुख व्यापार आयोजनों में से एक के रूप में स्थापित हो गया है। सीएम योगी की मंशा है कि अब इस तरह के ट्रेड शो का आयोजन मंडलीय मुख्यालयों में भी किया जाए। इसके लिए अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया है।

### ›› जूट के थैले और गुलाबी मीनाकारी को मिले 5-5 करोड़ के ऑर्डर

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के उत्पादों को इंटरनेशनल बायर्स ने खूब सराहा है। उत्तर प्रदेश अपना खुद का इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित करने वाला पहला राज्य है। ट्रेड शो में ओडीओपी के 350 स्टॉल लगाए गए। विभिन्न उद्योगों जैसे एमएसएमई, कृषि, रक्षा और वस्त्र उद्योग के भी वहां पर स्टॉल लगे। कुल मिलाकर 10 हजार करोड़ रुपए की इंक्वायरी और लीड्स मिली है। छोटे-छोटे कारीगरों को जो इतना बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है, उसी का नतीजा है कि जूट का थैला बनाने वालों को भी 5 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिल गया। इसी तरह, वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी को भी 5 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला। निश्चित तौर पर हमारे जो हस्तशिल्पी हैं, एमएसएमई हैं उनके उत्पादों को एक बड़ा बाजार हमारी सरकार ने दिया है, जिससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर पहुंचाने का संकल्प पूरा होगा।

### ›› 5 मंडलों में ट्रेड शो कराने की व्यवस्था

उन्होंने बताया कि हम लोग आगरा, वाराणसी और लखनऊ में तीन यूनिटी मॉल स्थापित कर रहे हैं। यहां पर हम आर्टिजन के प्रोडक्ट्स को जगह देंगे। इसके साथ ही बरेली में भी हमने स्मार्ट सिटी के माध्यम से एक मॉल लिया है जिसको ऑपरेशनल करने वाले हैं, जबकि नोएडा में ऑलरेडी हमारी व्यवस्था पहले से ही है। इस तरह 5 मंडलों में हमने व्यवस्था कर ली है और हमने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि हर मंडलीय मुख्यालय में इस तरह का एक एग्जिबिशन सेंटर बने, ताकि आर्टिजन को सस्ते में अपने प्रोडक्ट्स को डिस्प्ले करने का मौका मिले।

**लखनऊ, 3 अक्टूबर।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की ग्रैंड सक्सेस से उत्साहित योगी सरकार अब इसी तरह के ट्रेड शो मंडल स्तर पर आयोजित करने को लेकर तैयारी में जुट गई है। शुरूआती स्तर पर 5 मंडलीय मुख्यालयों में ट्रेड शो का आयोजन कराया जा सकता है, जबकि जल्द ही सभी मंडलीय मुख्यालयों में ट्रेड शो के आयोजन की व्यवस्था की जा सकती है। गुरुवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस वार्ता में एमएसएमई विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने इसकी जानकारी दी। इस दौरान, इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया गया और आभार जताया।

**>> टूरिज्म और टेक्सटाइल में व्यापारिक गठजोड़ को लेकर उत्सुक है वियतनाम**

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि बाजार का अपना एक लॉजिक होता है। हम उनको फैसिलिटेट कर सकते हैं, लेकिन प्रोडक्ट की क्वालिटी क्या होगी, प्राइस क्या होगा, ये आर्टिजन और बायर के बीच तय होता है। उसमें सरकार का ज्यादा हस्तक्षेप नहीं है। हम अपने उद्यमियों को एक बड़ा प्लेटफॉर्म प्रोवाइड करने के लिए कमिटेड हैं और यह प्लेटफॉर्म ग्रेटर नोएडा में दो बार उपलब्ध करके दिखा दिया। हमारा प्लान है कि हर मंडलीय मुख्यालय पर एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार हो जहां ज्यादा मात्रा में लोग आकर इन प्रोडक्ट्स को देख सकें और डिसीजन ले सकें कि उनको ये प्रोडक्ट खरीदना है या नहीं। उन्होंने बताया कि वियतनाम को हमने पहली बार पार्टनर कंट्री के रूप में इस आयोजन से जोड़ा था। वियतनाम भी प्रदेश के अंदर बुद्धिस्ट सर्किट के अंदर टूरिज्म और टेक्सटाइल समेत अन्य सेक्टर में बड़े पैमाने पर यूपी के साथ जुड़ने को उत्सुक है।

# आजमगढ़ मंडल को भी योगी सरकार ने बनाया 'रूरल टूरिज्म डेवलपमेंट स्ट्रैटेजी' का हिस्सा

**लखनऊ, 3 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने की प्रक्रिया में एक नए अध्याय को जोड़ा है। प्रदेश की समृद्ध ग्रामीण परिवेश को घरेलू व विदेशी पर्यटकों में प्रसिद्ध बनाने की परियोजना से अब आजमगढ़ मंडल को भी जोड़ा जा चुका है। सीएम योगी के विजन अनुसार योजना के अंतर्गत, आजमगढ़, मऊ व बलिया में 4 गांवों में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे समेत विभिन्न पर्यटक सुविधाओं विकास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आजमगढ़ मंडल के गांवों को इस योजना के साथ जोड़ने के बाद अब कुल मिलाकर रूरल टूरिज्म के लिए डेवलप किए जा रहे गांवों की संख्या 97 हो गई है। देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ तथा वाराणसी मंडल में पहले से ही इस परियोजना के अंतर्गत क्रियान्वयन शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि प्रदेश के अन्य मंडलों के चिह्नित गांवों को भी इस प्रक्रिया से जल्द ही जोड़ा जाएगा। इन सभी पर्यटन विकास एवं निर्माण कार्यों को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सीएम योगी के विजन अनुसार पूरा किया जा रहा है और योजना को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### ›› पर्यटन विभाग द्वारा योजना को दी जा रही गति

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत आजमगढ़, मऊ और जौनपुर जिलों में कुल 4 गांवों का चयन रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे परियोजना के लिए चयनित किया जाएगा। सभी चारों गांव में एक विलेज को ऑर्डिनेटर, एक-एक जिला को ऑर्डिनेटर, एक टूरिज्म एक्सपर्ट, एक रूरल डेवलपमेंट एक्सपर्ट व टीम लीड की तैनाती होगी। प्रत्येक गांव में 10 लोकल गाइड, 5 स्टोरी टेलर, तथा लोकल कुजीन का स्वाद उपलब्ध कराने का दायित्व 5 परिवारों को सौंपा जाएगा। इसके अतिरिक्त, जरीदोजी, मूंज, लकड़ी के शिल्पकार, कुम्हार तथा बोटिंग, फिशिंग, फल व सब्जी तोड़ने तथा साइक्लिंग इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 20 कलाकारों तथा स्थानीय लोगों को कार्यभार सौंपा जाएगा। ग्राम स्तर पर 10 होम स्टे तक निर्मित किए जा सकेंगे। इनकी रजिस्ट्रेशन, विकास व नियमन इत्यादि की प्रक्रिया को स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार की पॉलिसी के अनुरूप पूरा किया जाएगा। सारी प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के दिशा-निर्देशन में पूरी की जाएगी।

### ›› सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए होगा प्रमोशन

परियोजना के अनुसार, सभी रूम स्टे निधि प्लस पोर्टल के साथ भी एकीकृत होंगे। इसके अतिरिक्त, 4 आइसोलेटेज एग्रो टूरिज्म प्रॉपर्टीज के विकास की संभावनाओं को भी तलाशा जाएगा। परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक तीन महीने में गांवों में टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। साथ ही, इन सभी ग्रामों का सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर अकाउंट बनाकर उन्हें प्रमोट किया जाएगा। ग्रामों में 15 रूम तक की कैपेसिटी पर रूम स्टे विकसित किए जाएंगे। सारी विकास प्रक्रिया को 6 महीने के 3 चरण, 4 महीने के चौथे चरण तथा 2 महीने के पांचवें चरण के रूप में 24 महीनों यानी दो वर्षों की अवधि में विकसित किया जाएगा।

### ›› पर्यटन बढ़ाने की अपार संभावनाओं में ग्रामीण पर्यटन करेगा इजाफा

उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों के लिहाज से देश का नंबर वन टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के अतिरिक्त प्राकृतिक, वन्य व लोक पारंपरिक कलाओं आधारित पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश की संस्कृति और प्रकृति को देखने और उसे अनभूत करने की ललक न केवल देसी बल्कि विदेशी पर्यटकों में भी बहुत है। यही कारण है कि प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को भी व्यापक स्तर पर जागृत करने की दिशा में योगी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। प्रदेश के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशंस के समीप ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांवों में होम स्टे समेत पर्यटन विकास की प्रक्रिया पर फोकस किया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीण, वन समेत पर्यटन के लिहाज से प्रमुख टूरिस्ट सर्किट में टूर गाइड्स व ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग प्रक्रिया को भी बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में विस्तृत फ्रेमवर्क पर काम जारी है।

# अयोध्या में प्रदेश की पहली 3 डी प्रिंटेड आर्ट गैलरी का निर्माण कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ, 3 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अयोध्या को विरासत और आधुनिक वैभव से युक्त नगरी के तौर पर रूपांतरित कर रही है। अयोध्या की पहचान तो आध्यात्मिक स्थलों के कारण विशिष्ट है ही, मगर इसे आधुनिक नागरिक सुविधों तथा क्लास अपार्ट आर्किटेक्चरल मॉन्यूमेंट्स युक्त शहर के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में, एक अभिनव प्रयास के तहत अयोध्या में प्रदेश की पहली थ्रीडी प्रिंटेड आर्ट गैलरी का निर्माण होने जा रहा है। सीएम योगी के विजन अनुसार, पूरे बिल्डिंग स्ट्रक्चर को 3डी प्रिंटिंग के जरिए निर्मित कर अयोध्या में नव निर्माण के नए अध्याय की नींव रखे जाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है और इस पर क्रियान्वयन की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी। परियोजना के अंतर्गत टेढ़ी बजार मार्ग पर वशिष्ठ भवन के समीप 1500 स्क्वेयर मीटर प्रसार क्षेत्र वाले चिह्नित स्थल पर आर्ट गैलरी का निर्माण होगा। इसे एग्जिबिशन एरिया, स्थायी गैलरी, अस्थायी गैलरी, एंपीथिएटर, स्कल्पचर गैलरी समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

**बड़े थ्रीडी प्रिंटर से सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल के जरिए होगा निर्माण**

परियोजना दरअसल प्रदेश में 3डी प्रिंटिंग बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में एफिशिएंसी, कॉस्ट से विंग पोटेंशियल और पर्यवरणीय लाभ को लक्षित करते हुए एक पायलट प्रोजेक्ट की तरह कार्य करेगी। इसके अंतर्गत 3डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी में महारत रखने वाले कॉन्ट्रैक्टर्स, पार्टनर्स व टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स के समन्वय व कार्यावंटन से योजना को आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा बनाई गई योजना के अनुसार आर्ट गैलरी के अंतर्गत इमारत निर्माण में कॉन्क्रीट मिक्सचर को मुख्य तौर पर उपयोग में लाया जाएगा। सभी निर्माण प्रक्रिया को एक बड़े थ्री डी प्रिंटर के जरिए पूरा किया जाएगा जो कि कंप्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) तथा एसटीएएडी ( स्ट्रक्चरल एनालाइजिंग व डिजाइनिंग) के जरिए पूरा किया जाएगा। इमारत के निर्माण में स्टील बार व फाइबर बेस्ड रीइन्फोर्स्ड पॉलिमर का भी रीइन्फोर्स्ड मटीरियल्स के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, 3 डी प्रिंटर को गैंट्री स्टाइल या फिर रोबोटिक आर्म बेस्ड प्रकार का बनाया जाएगा जो कि स्पीड व एफिशिएंसी के साथ सभी साधारण व कॉम्प्लेक्स स्ट्रक्चर्स के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में सक्षम होगा।

**विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से युक्त होगा आर्ट गैलरी का भवन**

3डी आर्ट गैलरी के अंतर्गत 7.5 मीटर ऊंचे भवन का निर्माण प्रशस्त होगा। परियोजना के अंतर्गत एडमिनिस्ट्रेशन रूम, एग्जिबिशन स्पेस, डिस्प्ले एरिया, पमानेंट गैलरी, ओपन स्पेसेस युक्त टेंपरेरी गैलरीज, गार्ड रूम, स्टोर रूम, छोटा एंपीथिएटर, लाउंज, कैफेटेरिया, आर्ट-बुटीक व क्राफ्ट की दुकानें, गिफ्ट शॉप, स्कल्पचर गैलरी, वर्कशॉप स्पेस, स्कल्पचर गार्डेन तथा पुरुष व महिला शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल, परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित आर्ट गैलरी के भवन की विस्त रूपरेखा तय करने और डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट समेत विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट वर्क्स को पूरा करने की प्रक्रिया जारी है।

**बॉक्स**

**राम कोट में मैकेनाइज्ड मल्टी लेवल स्मार्ट पार्किंग का 53 करोड़ की लागत से होगा निर्माण**

सीएम योगी की मंशा अनुरूप, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के समीप राम कोट में मैकेनाइज्ड मल्टी लेवल स्मार्ट पार्किंग का भी 53 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण होगा। इस पार्किंग के निर्मित हो जाने से रामलला जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के पास ही गाड़ी खड़ी करने का अवसर प्राप्त होगा। परियोजना को नियोजन विभाग के ईपीसी मिशन द्वारा 18 महीने की समयावधि में (वर्षा अवधि के अतिरिक्त) पूरा किए जाने की योजना है। यह पार्किंग भवन बी2+बी1+ जी+2 बेस्ड होगा। इसमें फुली मैकेनाइज्ड पजल कार पार्किंग को विकसित किया जाएगा जिसमें 474 गाड़ियां खड़ी हो सकेंगी। वहीं, प्रथम तल पर 12 दुकानों, टॉयलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन ऑफिस एरिया का निर्माण किया जाएगा। यहां विभिन्न तलों में डॉर्मेट्री का निर्माण भी किया जाएगा। 128 व 112 व्यक्तियों की डाइनिंग कैपेसिटी के लिहाज से भी प्रस्तावित भवन में डाइनिंग एरिया विकसित किए जाएंगे।

# प्रथम दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा, मंदिरों में रही भारी भीड़

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई, घरों में महिलाओं ने घट स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की और घर में सुख, शांति, संपत्ति, समृद्धि और परिवार के कल्याण की कामना की, नगर के प्रसिद्ध चामुंडा मंदिर पर सुबह 3:30 बजे से ही भक्तों की भीड़ पहुंचनी प्रारंभ हो गई तथा दोपहर तक मंदिर में भारी भीड़ रही, इस संबंध में पंडित सोनी शर्मा ने बताया कि मां शैलपुत्री की पूजा करके लोग अपने घर में सुख शांति की कामना करते हैंजेड तथा राजा दक्ष की पुत्री सती ने शिव जी के साथ विवाह किया था और राजा दक्ष नाराज थे तथा उन्होंने एक यज्ञ किया जिसमें शिवजी को नहीं बुलाया यज्ञ में बिना बुलाए सती पहुंच गई और उन्होंने योग अग्नि में अपने शरीर को भस्म कर दिया वहीं शिव के दूतो ने सभी कुछ तहस नहस कर दिया, फिर उसके बाद मां सती ने पर्वतराज की पुत्री के रूप में जन्म लिया है जिन्हें शैलपुत्री भी कहा जाता है, नगर सहित देहात क्षेत्र में भी मां शैलपुत्री की विशेष पूजा अर्चना की गई और हसनपुर में नगरपालिका द्वारा मंदिर के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था की गई तथा चुने का छिड़काव कराया गया, वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

# व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 ने एक्स ई एन को सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के पदाधिकारीयो ने ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित एक ज्ञापन एक्स ई एन को सौंपा ज्ञापन में अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान में हसनपुर की मुख्य समस्या विद्युत व्यवस्था लगातार गतिरोधक हो रही है। जबकि उझारी से हसनपुर को मुख्य लाइन अत्यंत ही बड़ी एवं गांव के रास्ते खेतों एवं बागों से होकर लगभग 22 किलोमीटर आ रही है। जिसमें अत्यधिक तकनीकी फाल्ट ठीक करने में खेतों एवं बागों के रास्ते आने के कारण अत्यंत समय लग जाता है। और विद्युत व्यवस्था बाधित हो जाती है जिससे जनता को भारी क्षति हो रही है। इसीलिए मुख्य लाइन को उझारी से मुख्य मार्ग होते हुए हसनपुर को लाया जाए। जहां 12 किलोमीटर की दूरी पड़ेगी और चरमराई हुई विद्युत व्यवस्था से जनता की समस्या का समाधान होगा। और फाल्ट ठीक करने में समय भी कम लगेगा। इसीलिए नगर की जनता की समस्या का समाधान कराने हेतु मुख्य मार्ग से लाइन लाई जाए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता,नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता, जिला चेयरमैन पंकज भटनागर, युवा जिला उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, नगर महामंत्री प्रशांत शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष मोहित सुशील अग्रवाल, हुकम सिंह आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# महिला ने युवक पर 4 वर्ष से यौन शोषण करने का लगाया आरोप, सी0 ओ0 कार्यालय में दिया प्रार्थना पत्र

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को महिला के साथ यौन शोषण का एक मामला सामने आया जिसमें उत्तराखंड की महिला ने आदमपुर के युवक पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए सीओ कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को नगर के ब्लॉक परिसर स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंची महिला का आरोप है कि वह दूसरे समुदाय से है तथा टांडा रामनगर उत्तराखंड की रहने वाली है। और वर्तमान में वह आदमपुर थाना कस्बा निवासी एक युवक के यहां रह रही है। जिसने शादी का झांसा देकर 4 वर्षों से शारीरिक संबंध बनाए तथा वह युवक अब शादी से मुकर रहा है इसके संबंध में महिला ने आदमपुर थाने में तहरीर दी थी लेकिन उसकी सुनवाई नहीं की गई। वहीं महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने मदनगढ़ी में जनता दर्शन में प्राप्त शिकायत का मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

## शिकायतकर्ता के पिता की उपस्थिति में बीडीओ लोधा एवं ग्राम प्रधान को नियमतः नाली निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण कराने के दिए निर्देश



**अलीगढ़ 03 अक्टूबर (सू0वि0):** गुरुवार को जिला मजिस्ट्रेट विशाख जी0 ने तहसील कोल क्षेत्रान्तर्गत जनता दर्शन में प्राप्त शिकायत का मौके पर पहुंच कर निस्तारण की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान आख्या गलत या टालमटोल वाली पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता सुमित कुमार पुत्र महेश चंद्र निवासी ग्राम शहरी मदनगढ़ी तहसील कोल के द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में नाली एवं सरकारी हैंडपंप के संबंध में शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता के पिता की उपस्थिति में बीडीओ लोधा एवं ग्राम प्रधान को नियमतः नाली के निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, बीडीओ लोधा आदिल फैज, तहसीलदार अवनीश कुमार, पुलिस टीम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सावधानी और बचाव से होगा डेंगू पर नियंत्रण



**पंजाब**। प्रति वर्ष वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होने पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है और इतना ही नहीं यदि किसी बर्तन अथवा पात्र आदि में स्वच्छ जल कई दिनों तक रखा हो और वह खुला हो तो भी यह भय बना रहता है। इससे अनेक रोगों के पनपने का भय रहता है जैसे डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया आदि। यदि देखा जाए तो डेंगू से पीड़ित व्यक्ति के जीवन को इतना संकट नहीं है जितना कि इसका भय लोगों के मस्तिष्क पर बना दिया गया है। डेंगू बुखार एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से डेंगू वायरस के रूप में बढ़ता है। यह रोग अकस्मात तीव्र ज्वर के साथ आरम्भ होता है, जिसके साथ साथ तेज सिर दर्द होता है, मांसपेशियों तथा जोडों मे भयानक पीड़ा होती है। शरीर पर लाल चकते बन जाते है जो सबसे पहले पैरों पे फिर छाती पर तथा कभी कभी सारे शरीर पर हो जाते है। इसके अतिरिक्त पेट खराब हो जाना, उसमें दर्द होना, कमजोरी, दस्त लगना, ब्लेडर की समस्या, निरंतर चक्कर आना, भूख ना लगना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। चिकित्सा शास्त्र के अनुसार ये ज्वर 6-7 दिन रहता है। ज्वर समाप्ति के समय फिर से कुछ समय हेतु ज्वर आता है। जब तक रोगी का तापक्रम सामान्य नहीं होता है तब तक उसके रक्त में प्लेटलेट की संख्या कम रहती है। विशेष बात है कि यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं बढ़ता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुछ दशकों में संसार में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। जहां एक ओर वर्ष 2000 में डेंगू के 5 लाख 54 हजार 30 मामले सामने आए थे वहीं ये 2019 में बढ़कर 5.2 मिलियन हो गए हैं। वर्ष 2023 में डेंगू के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जिससे विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी क्षेत्रों के 80 से अधिक देश प्रभावित हुए। 2023 की बात करें तो डेंगू के 6.5 मिलियन से अधिक केस हुए हैं जिनमें 7300 से अधिक डेंगू से संबंधित मृत्यु हुई हैं। ईटीवी द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर प्रकाशित लेख में बताया गया है कि भारत के पास उपस्थित सरकारी आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2023 में देश में डेंगू के कुल 94 हजार 198 केस सामने आए हैं। सबसे बड़ी बात यह रही कि केरल में 9 हजार 770 लोग डेंगू से ग्रस्त थे, कर्नाटक में 9 हजार 185 और महाराष्ट्र में 8 हजार 496 डेंगू से ग्रस्त पाए गए। स्वास्थ्य मंत्रालय में आधिकारिक तौर पर अंकित की गई कुल 91 मौतों में से 37 मौतें केरल में और 14 मौतें उत्तराखंड में हुई हैं। इसके साथ ही ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात, असम और कुछ अन्य राज्य हैं जहां डेंगू के अधिकतम मामले सामने आए हैं। डेंगू से बचने के लिए हमें ध्यान रखना चाहिए कि डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता है। इसीलिए दिन में अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। घर में एवं घर के आसपास पानी एकत्र ना होने दें, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। यदि घर में बर्तनों आदि में पानी भर कर रखना है तो ढक कर रखें। यदि आवश्यकता ना हो तो बर्तन खाली कर के उलटा कर के रख दें। कूलर का पानी प्रतिदिन बदलते रहें। यदि पानी की आवश्यकता ना हो तो कूलर आदि को खाली करके सुखाएं। खाली गमले और टायर आदि में पानी एकत्रित होकर मच्छर पनपने का संकट बना रहता है। इसीलिए उन्हें खाली करके उलटा करके रखना चाहिए। डेंगू का मच्छर घुटनों की ऊंचाई तक उड़ सकता है। सदा ऐसे कपड़े पहनें जो शरीर के अधिकतम भाग को ढक सकें। पैरों में जुराब और जूते भी आवश्यक हैं। मच्छर रोधी क्रीम, स्प्रे, लिक्विड, इलेक्ट्रॉनिक बैट आदि का प्रयोग मच्छरों के बचाव हेतु करें। घर की खिड़की आदि में तुलसी का पौधा लगाने से मच्छरों से बचाव होता है। नीम की सुखी पत्तियों एवं कपूर की घर में धूणी करने से मच्छर मर जाते हैं या कोने एवं पर्दों आदि के पीछे छिपे हुए मच्छर घर के बाहर भाग जाते हैं। पानी की टंकी को अच्छे से ढक कर रखें। तुलसी, गिलोय ,पिप्पली, पपीते की पत्तियों का रस, गेहूँ के ज्वारों का रस, आँवला व ग्वारपाठे का रस डेंगू से बचाव में बहुत उपयोगी है। इनसे शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है तथा डेंगू के वायरस से मुकाबला करने की शक्ति आती है। एक नया उपाय मेसोसाक्लोपस नामक जलीय कीट जो लार्वा भक्षी है को रुके जल में डाल देना है जैसे कि गम्बूशिया मछली मलेरिया के विरूद्ध प्रभावी उपाय है। यह बहुत अधिक प्रभावी, मितव्ययी तथा पर्यावरण मित्र विधि है। यदि डेंगू का सही उपचार समय पर हो जाए तो इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। लोग डेंगू बुखार से संबंधित समाचारों से घबराएं नहीं अपितु निकट के सरकारी अस्पताल में उसकी जांच करवाएं। इसकी जांच और उपचार सर्वथा निशुल्क उपलब्ध है। डेंगू के लिए एलाइजा का प्रमाणित परीक्षण नागरिक अस्पताल में उपलब्ध होता है। यदि कोई निजी स्वास्थ्य संस्थान या चिकित्सक किसी मरीज को डेंगू बुखार बताता है तो उसके लिए नागरिक अस्पताल में उसकी पुनः जांच करवाएं क्योंकि बिना डेंगू के एंटीबायटिक दवाइया देने से शरीर में प्लेटलेट कम हो सकते हैं। लोग भ्रमित न हों और बुखार होने पर इसकी जांच नागरिक अस्पताल में ही करवाएं। इसीलिए डेंगू से भयभीत न हों और केवल सचेत रहकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को अधिक से अधिक विश्राम की आवश्यकता होती

# 5 अक्टूबर को जब वोट देने जाओ तो अपने बच्चों का चेहरा याद करके करके जानाः सुनील बिन्दल

## आम आदमी पार्टी ने अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाने का संकल्प लिया है

>> अमेरिका के राष्ट्रपति की पत्नी भारत आती हैं तो अरविंद केजरीवाल के सरकारी स्कूल देखती है




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल**। आम आदमी पार्टी के उमीदवार सुनील बिन्दल ने कहा कि आज चुनाव के अंतिम दिन है। आपके हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ने आपके लिए संदेशा भेजा है। जब 5 तारीख को वोट देने जाओ तो अपने बच्चों का चेहरा याद करके जाना। उन बच्चों के लिए अच्छे स्कूल बनाने का संकल्प आम आदमी पार्टी ने लिया है। जब वोट देने जाओ तो अस्पताल की बदहाली के बारे में सोचना, आम आदमी पार्टी ने अच्छे अस्पताल और मुफ्त इलाज कराने का संकल्प लिया है। आम आदमी पार्टी ने युवाओं को रोजगार देने और 18 साल से ऊपर की हर माताओं बहनों को 1000 रुपए प्रति महीना देने की गारंटी दी है। 5 अक्टूबर को बीजेपी के सिर से सत्ता का भूत उतारने का काम करना है। उन्होंने कहा पिछले दस सालों में इन्होंने हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर एक पर लाने का काम किया है। लगातार महिलाओं के साथ अपराध हो रहा है। स्थिति ये है कि हरियाणा में रोजाना 46 महिलाओं के साथ रेप, छेड़खानी और अपहरण जैसी घटनाएं हो रही हैं। किसान जाते हैं उनको लाठियों से पीटते हैं, जवान जाते हैं उनको लाठियों से पीटते हैं, आशा वर्कर जाती हैं उनको लाठियों से पीटते हैं, शिक्षक जाते हैं उनको लाठियों से पीटते हैं। बेरोजगार जाते हैं उनको लाठियों से पीटते हैं। अब ये मौका आपके हाथ में है, जो आपको लाठियों से पीटते हैं, उनकी इस बार जमानत जब्त करवानी है। उन्होंने कहा कि जब वोट देने जाओ तो जो अपमान इन्होंने आपका किया है उसको भूलना नहीं है। जब किसान दिल्ली जा रहा था तो उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए, पानी की बौछारें छोड़ी गई और किसानों पर लाठियां चलाई गई। 750 किसानों ने अपनी शहादत दी। इस बार किसान की शहादत का बदला लेना है।किसी भी समाज के पुरखों का और उनकी माताओं बहनों का अपमान करने की हिम्मत किसी भी बीजेपी के नेता में नहीं होनी चाहिए, चाहे वो नरेंद्र मोदी हो या खट्टर हो। इन सबकी दवा झाड़ू है। इस बार झाड़ू से हरियाणा की गंदी राजनीति का सफाया करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के हर गांव में बाहर एक बड़ा गेट बना होता है। जिस पर शहीद का नाम दर्ज होता है। गांव के लोगों से पूछो तो बताते हैं हमारा बेटा पाकिस्तान से लड़ते शहीद हो गया, हमारा बेटा चीन से लड़ते शहीद हो गया। हमारा बेटा कारगिल में शहीद हो गया। बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर शहीदों और नौजवानों के साथ गद्दारी की है। बीजेपी अग्निवीर योजना लेकर आई और भारत की सेना को ठेके पर रखने का काम किया। बीजेपी ने सेना के साथ भी गद्दारी करने का काम किया है। आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डालने का काम करेंगे। मोदी 74 साल की उम्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और हरियाणा का नौजवान 21 साल की उम्र में रिटायर हो जाएगा। इस व्यवस्था को बदलना है। उन्होंने कहा कि पुरानी सेना भर्ती प्रक्रिया दोबारा बहाल होनी चाहिए, ताकि हमारे बच्चों को रोजगार मिल सके। आपके हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ने इनकम टैक्स की नौकरी को लात मारकर जनता की सेवा को चुना है। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली में बेहतरीन शिक्षा देने का काम किया, अच्छे खेल मैदान, अच्छे अस्पताल बनाए, अच्छे मोहल्ला क्लीनिक बनाए, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई। अब हरियाणा में भी हम आपके बच्चों के लिए बेहतरीन स्कूल बनाएंगे। इसलिए इस बार पांच अक्टूबर को झाड़ू के निशान पर वोट करके आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को यहां से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा जो हर बच्चे के लिए जरूरी है, अरविंद केजरीवाल ने उस शिक्षा को बेहतर करने का काम दिल्ली और पंजाब में किया। अमेरिका के राष्ट्रपति की पत्नी जब भारत आई तो उन्होंने अरविंद केजरीवाल के सरकारी स्कूल देखने का काम किया। अरविंद केजरीवाल ने 10 साल की राजनीतिक सफर में देश राजनीति में ऐसा बदलाव किया कोई सोच भी नहीं सकता था कि गरीब के घर में रोशनी आएगी मगर उसकी कोई कीमत नहीं होगी। आज दिल्ली और पंजाब में बिजली का बिल जीरो आता है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली में मुख्यमंत्री बने तो दिल्ली में बिजली फ्री, पानी फ्री, शिक्षा फ्री, चिकित्सा फ्री, महिलाओं के लिए बस यात्रा और बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा फ्री करने का काम किया।

# सेलर मालिकों की धान खरीदी के संबंध में कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक

## धान खरीद में तेजी लाने का दिया आश्वासन

**डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू**

**अमृतसर , 3 अक्टूबर**। मौजूदा धान सीजन के दौरान फसल की खरीद में तेजी लाने के लिए शेल मालिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल और कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ईटीओ के साथ एक विस्तृत बैठक की। इस अवसर पर जंडियाला गुरु एसोसिएशन से स. सुरजीत सिंह कंग, स. सुखदेव सिंह अध्यक्ष मेहता , स. दिलबाग सिंह बाठ तरनतारन , गुरदेव सिंह खालसा अध्यक्ष मंडी राया , बलदेव सिंह बद्दोवाल और अन्य नेता उपस्थित थे । बैठक के बाद बात करते हुए सेलर मालिकों ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने हमारी बातचीत को ध्यान से सुना और आश्वासन दिया कि उनके मुद्दों पर पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की जाएगी और उन्हें प्रभावी ढंग से हल किया जाएगा , जिसके बाद हमने भी अपनी एसोसिएशन की ओर से वादा किया है कि धान अधिप्राप्ति में तेजी लायी जायेगी. इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स.कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि धान की खरीद में लेबर यूनियन की मांगों का मसला भी सुलझा लिया गया है। पंजाब सरकार उनकी मुख्य मांगों पर सहमत हो गई है और वर्तमान में धान की सफाई, तौल और लोडिंग का रेट हरियाणा की तुलना में मजदूर को लगभग 30 पैसे प्रति बोरी अधिक दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमृतसर में धान की आवक शुरू हो गई है और खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद भी की जा रही है और अब सेलर मालिकों से बातचीत के बाद धान की खरीद में तेजी लाई जाएगी. एस. हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि अमृतसर में धान के साथ-साथ बासमती की भी बड़ी आमद होती है, जिसे निजी व्यापारी और शैलर मालिक खुद खरीदते हैं। इसकी खरीदारी काफी दिनों से शुरू हो गई है और यह काफी समय से बाजार में आता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदेगी, लेकिन किसानों के लिए जरूरी है कि वे अपनी फसल सुखाकर मंडी में लाएं ताकि उन्हें मंडी में न बैठना पड़े और फसल बर्बाद न हो। बाजार. उन्होंने कहा कि हम हर तरह से पूरी तरह से तैयार हैं और बाजार भी पूरी तरह से तैयार हैं , इसलिए अपनी सूखी फसल लेकर आएं , ताकि हम आपको उसी समय बेकार कर सकें। इस मौके पर बाबा बकाला साहिब हलके के विधायक दलबीर सिंह टोंग भी मौजूद रहे।



**सेलर मालिकों के साथ बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री स.कुलदीप सिंह धालीवाल, कैबिनेट मंत्री स.हरभजन सिंह ईटीओ और विधायक स.दलबीर सिंह टोंग ।**

# हरविन्द्र कल्याण के समर्थन में नारी शक्ति ने किया शक्ति प्रदर्शन

## शहर में निकाली पदयात्रा, भाजपा के लिए मांगा सहयोग और समर्थन



**घरौंडा, सुखविंदर सोही**

**घरौंडा**। से भाजपा प्रत्याशी हरविन्द्र कल्याण के समर्थन में आज हजारों की संख्या में घरौंडा की महिला कार्यकत्राओं ने पद यात्रा निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। इतनी भारी तादाद में महिलाओं का हजूम से पूरा शहर भाजपामयी हो गया। महिलाओं ने भारत माता की जय और भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद के खूब जयकारे लगाए। सभी महिला कार्यकत्राओं ने शहर में जाकर भाजपा की नीतियों से लोगों को अवगत करवाया और घरौंडा से हरविन्द्र कल्याण को जितवाने के लिए वोट की अपील की। महिलाओं ने पूरे उत्साह से हरविन्द्र कल्याण को जितवाने के लिए जोर लगा दिया। जैसे जैसे रोड-शो का काफिला आगे बढ़ता रहा वैसे वैसे कार्यकत्राओं का हजूम जुड़ता चला गया। इस अवसर पर घरौंडा से भाजपा प्रत्याशी हरविन्द्र कल्याण ने सभी माताओं-बहनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि घरौंडा से जीत उनकी नहीं कार्यकत्राओं की होगी। कार्यकत्राओं एवं जनता की मेहनता और प्रयास से एक बार फिर तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि घरौंडा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। आपका यह अगाध समर्थन एवं वात्सल्य भारतीय जनता पार्टी को हरियाणा में पुनः भारी बहुमत से विजयी बनाएगा। घरौंडा विधानसभा के गांव रांवर में स्नेही परिवारजनों द्वारा उल्लास से भरपूर, अभूतपूर्व स्वागत एवम् समर्थन व्यक्त करने पर कहा कि जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर हरियाणा में कमल खिलेगा और भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनेगी।

# अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने मौके पर पहुंचकर वडाला जोहल के खेतों में पराली में लगी आग को बुझाया

## अवकाश के बावजूद अधिकारी पर्यावरण को बचाने के लिए फील्ड में डटे रहे





**अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती ज्योति बाला, डॉ. तजिंदर सिंह , एक्सिन सुखदेव सिंह और अन्य अधिकारी वडाला जोहल में खेतों में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते हुए ।**

### अमृतसर जिले में आग की रोकथाम के प्रयास

#### एडीसी और उनकी टीम ने धान के खेत में लगी आग को बुझाया

**ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार -**

**अमृतसर, 3 अक्टूबर, 2024** वडाला जोहल में पराली की आग फैलने पर त्वरित प्रतिक्रिया में, अतिरिक्त उपायुक्त जनरल सुश्री। ज्योति बाला और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग बुझाई और पर्यावरण को बचाया। अवकाश के बावजूद पदाधिकारी फील्ड में सतर्क रहे, इसके लिए उपायुक्त श्रीमती को धन्यवाद। धान की पराली को आग से बचाने के लिए साक्षी साहनी की पहल। एमएस। जिला कृषि अधिकारी तजिंदर सिंह और वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुखदेव सिंह सहित बाला की टीम धुआं देखकर घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया और किसानों के ट्रैक्टरों की मदद से आग पर काबू पाया। इसी बीच बाबा बकाला साहिब के एस.डी.एम. अमनप्रीत सिंह ने अपने क्षेत्र में एक और आग को सफलतापूर्वक बुझाया। जिले भर के अधिकारी खेतों को बनाए रखने के लिए बेलर का उपयोग करके, पराली प्रबंधन और आग की रोकथाम के महत्व पर किसानों को शिक्षित कर रहे हैं। सीएओ तजिंदर सिंह ने आने वाले महत्वपूर्ण समय पर जोर दिया, क्योंकि वर्तमान में केवल जल्दी पकने वाली धान की किस्मों की कटाई की जा रही है। उन्होंने पराली की आग से बचाव के लिए निरंतर परिश्रम की आवश्यकता पर बल दिया। सुखदेव सिंह ने कहा कि इस वर्ष के प्रयासों से पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर परिणाम मिले हैं, और यदि अधिकारी और कर्मचारी अपनी सतर्कता बनाए रखेंगे, तो वे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। अतिरिक्त उपायुक्त सुश्री. ज्योति बाला, डॉ. वडाला जोहल के खेतों में आग बुझाने में जुटे तजिंदर सिंह, सुखदेव सिंह और अन्य अधिकारी।

**अमृतसर , 3 अक्टूबर-- डिप्टी कमिश्नर**

**अमृतसर** श्रीमती साक्षी साहनी ने पर्यावरण को बचाने के लिए धान की पराली को आग से बचाने के उपक्रम का समर्थन किया और वे क्षेत्र में खेतों की रखवाली करती रहीं । आज अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर जनरल श्रीमती ज्योति बाला और उनकी टीम जिसमें जिला कृषि अधिकारी तजिंदर सिंह, एक्सियन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुखदेव सिंह शामिल थे , ने गांवों के दौरे के दौरान वडाला जोहल के खेतों से धुआं निकलते देखा, तो वे मौके पर पहुंचे। वाहन. जहां एक किसान ने पराली में आग लगा दी थी. उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाया और आग बुझाई और किसानों के अपने ट्रैक्टरों से आग पर काबू पाया। इस बीच बाबा बकाला साहिब के एसडीएम अमनप्रीत सिंह मौके पर पहुंचकर अपने इलाके में लगी आग को बुझाने में सफल रहे. यह सिर्फ एक या दो वाक्य नहीं बल्कि कई जगहों पर अधिकारी किसानों को पराली में आग न लगाने , आग पर काबू पाने और बेलर के साथ पराली के रख-रखाव की जिम्मेदारी निभाते हुए समझाते दिखे। जिला कृषि अधिकारी तजिंदर सिंह ने कहा कि धान की केवल जल्दी पकने वाली किस्मों की ही कटाई की जा रही है और आने वाले दिनों में पूरे कार्य में धान की कटाई की जाएगी , इस दौरान हम सभी को इस कर्तव्य की रक्षा और अधिक मेहनत से करनी होगी. एक्सियन सुखदेव सिंह ने कहा कि इस वर्ष हम पिछले वर्ष की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं और यदि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसी प्रकार अपनी ड्यूटी निभाते रहेंगे तो हम पर्यावरण को बचाने में बहुत योगदान देंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी सुमिता सिंह के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

## पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों ने सुमिता सिंह को दिया खुला समर्थन




**करनाल सुखविंदर सिंह सोही**

**करनाल**। करनाल विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुमिता सिंह ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शहर में विशाल रोड शो निकाला। हजारों की संख्या में जहां कार्यकर्ता इस विजय यात्रा का हिस्सा बनें, वहीं व्यापारियों, दुकानदारों और आम जन ने जबरदस्त समर्थन देते हुए सुमिता सिंह की जीत तय कर दी। सैकड़ों गाडियों, ई-रिक्शा और ट्रेक्टरों में सवार होकर कार्यकर्ता लोगों से सुमिता सिंह को वोट देने की अपील करते नजर आए। कांग्रेस के वरिष्ठ और युवा नेताओं के साथ सुमिता सिंह ने हाथ जोडकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। आशीर्वाद देने के लिए जनता का दिल से आभार प्रकट किया। इससे पहले सुबह सुमिता सिंह के निवास पर पंजाबी समाज के प्रतिनिधियों ने सुमिता सिंह को खुला समर्थन देने का एलान किया। भाजपा द्वारा जारी किए पंफलेटस पर आपत्ति जाहिर की, जिसमें पंजाबियों और कांग्रेस को निशाना बनाते हुए बेबुनियादी आरोपी लगाए गए हैं। पंजाबी प्रतिनिधियों ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पंजाबियों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। करनाल से सुमिता सिंह को विधायक बनाकर चंडीगढ़ भेजेंगे। रोड शो के दौरान सुमिता सिंह ने जहां कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र किया वहीं लोगों से आह्वान किया कि प्रदेश की खुशहाली के लिए कांग्रेस की सरकार चुनें। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें विधायक बनाया तो करनाल को विकास के मामले में प्रदेश का नंबर वन जिला बनाएंगी। करनाल के कोने-कोने का विकास बिना भेदभाव के करवाया जाएगा। सुमिता सिंह ने कांग्रेस के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए बताया कि 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर कर्मचारियों की 10 वर्षों की मांग को पूरा किया जाएगा। बुजुर्गों का सम्मान बढ़ाते हुए छह हजार रुपए पेंशन दी जाएगी। सुमिता सिंह ने कहा कि वह करनाल की जनता की सेवा करने के लिए वचनबद्ध हैं। करनाल का चहुंमुखी विकास बिना भेदभाव के करवाया जाएगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आठ अक्तूबर को चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस की सरकार बहुमत से बनेगी। भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आत्मा की शांति के लिए लोगों ने किया तर्पण

**चित्रकूट।** बुधवार को पितृ विसर्जन अमावस्या पर धर्मनगरी के घाटो पर पितरो का तर्पण करने वालो का तांता लगा रहा है। परंपरागंत तरीके से नदी किनारे घाटो पर अपने पूर्वजो के तर्पण कर उन्हे याद किया। शहर के पुरानी बाजार निवासी पं0 गणेष प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि पितरो मे हम अपने पूर्वजो को याद कर उनको तर्पण करने के लिये घाटो मे जाकर सूर्य का अर्घ्य देकर उनकी हुतात्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना की।

### यात्रियों को रेल प्रशासन देगा बेहतर सुविधायें

**चित्रकूट।** दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा इस वर्ष 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के मध्य 524 फेरे जोन से प्रारंभ होने वाली विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। इस वर्ष स्पेशल ट्रेनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री रेल से यात्रा करते हैं। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन जोन से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों ने कुल 189 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से बड़ी संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी।

### चेयरमैन ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झण्डी

**चित्रकूट।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम एवं महात्मा गांधी व लाल बहादूर शास्त्री जयन्ती पर पंकज अग्रवाल जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष की अध्यक्षता में बस स्टैण्ड, बेड़ी पुलिया में प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। अध्यक्ष ने आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। सड़क सुरक्षा के पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में लवकुश चतुर्वेदी भाजपा जिलाध्यक्ष, कमल आर्य सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम, शैलेन्द्र सिंह (टीएसआई), मौजूद रहे।

### एसपी ने देखी मेले की व्यवस्थाएं

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला पर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने मेला सुरक्षा में लगे सुरक्षा अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मुस्तैद होकर अपनी ड्यूटी करें तथा श्रद्धालुओं के साथ विन्रम व्यवहार करे साथ ही साथ किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, सहायक चकबन्दी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता एवं पीओरओ प्रवीण सिंह उपस्थित रहे।

### मेले मे आए श्रद्धालुओं को पुलिस ने खिलाए चने



**चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी सरैंया श्यामदेव सिंह की उपस्थिति में सीतापुर मेला क्षेत्र में अमावस्या पर दर्शन करने के लिये आये श्रद्धालुओं को चना वितरण किया गया।

## पुलिस के गाड़ी से नबालिक युवक की मौत, मामला तुल पकड़ा।



**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिला के बगहा पुलिस जिला स्थित बथुवरिया थाना इलाका में पुलिस प्रशासन की गाड़ी से एक 6 वर्षीय नबालिक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना बुधवार के करीब 3.30 बजे की बताई जा रही है। नबालिक युवक के साथ ही पुलिस गाड़ी भागने के क्रम में चार बकरियाँ भी दुर्घटना की शिकार हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृत बालक बथुवरिया गांव के अजय यादव के 6 वर्षीय पूत्र अनुराग कुमार यादव है। तथा अजय बाहर कमाने गया है। सूत्रों से प्राप्त समाचार के मुताबिक अजय यादव के दरवाजे पर चप्पल बेचने के लिए कोई गया था। तभी अनुराग चप्पल लेकर घर में पसंद कराने अपनी माँ के पास गया। जैसे ही घर से निकला, तभी तेज रफ्तार से आ रही पुलिस इन्स्पेक्टर की गाड़ी के चपेट में आ गया तथा घटना स्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जैसे ही पुलिस इन्स्पेक्टर की गाड़ी आगे बढी, तभी चार बकरियों को रौदते हुए भाग निकली। घटना को देख स्थानीय लोग आक्रोशित हो गयें। तथा बथुवरिया थानाध्यक्ष कामेंश कुमार की गाड़ी रोक दी। घटना की सुचना मिलतें ही कई थाना के पुलिस और थानेदार पहुंच गए तथा आक्रोशित लोगों को शांत कराने में जूट गयें लोगों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। तथा पुलिस अधीक्षक को आने की मांग पर डटे रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 4000 पशुओं की चिकित्सा की गयी एवं दवा का किया गया वितरण।



**(वर्ल्ड न्यूज नेटवर्क नेटवर्क)**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण डीएम दिनेश कुमार राय के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावितों को लगातार हरसंभव सुविधा, सहायता प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी स्वयं प्रत्येक कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा एवं अनुश्रवण कर रहे हैं ताकि बाढ़ प्रभावितों को ज्यादा से ज्यादा सहायता प्रदान की जा सके। बाढ़ से प्रभावित पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति भी जिला प्रशासन संवेदनशील है। जिला पशुपालन पदाधिकारी के नेतृत्व में पशु चिकित्सकों एवं कर्मियों द्वारा लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कैम्प लगाकर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही दवा भी दिया जा रहा है। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं एवं पशुपालकों को राहत पहुंचाने में 31 पशु चिकित्सकों को लगाया गया है। 43 पशु चिकित्सालय फंक्शनल है। पशुधन सहायकों की संख्या 09 है। 16 एम्बुलेटरी भान की संख्या है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों के लिए एक-एक टीम गठित कर कार्य किया जा रहा है। अबतक बाढ़ से प्रभावित 603 पशुपालकों को राहत पहुंचाते हुए लगभग 4000 पशुओं की चिकित्सा की गयी है एवं उनके बीच दवा का वितरण किया गया है।

## बेतिया में सात निश्चय योजना के तहत टाटा टेक के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन का शिलान्यास समारोह आयोजित

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**



**बेतिया।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेतिया के प्रांगण में मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना के तहत टाटा टेक के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के भवन का शिलान्यास आज 12 दिन में किया गया ' इस शिलन्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम चंपारण सांसद डा.संजय जायसवाल, नौतन विधान सभा के विधायक नारायण साह, चनपटिया विधानसभा के विधायक उमाकांत सिंह ,श्रम संसाधन विभाग के उपनिदेशक अमृता, राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अजीत कुमार चौधरी, भवन निर्माण विभाग से कनीय अभियंता मनीष कुमार, अन्य गणमान्य अतिथि तथा संस्थान के प्रशिक्षणरत सैकड़ों प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे ' इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक सह आयोजनकर्ता महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्राचार्य ई.रवि कुमार थे ' आज के इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान के विद्युत व्यवसाय के अनुदेशक ई.सिकंदर प्रसाद चंद्रा द्वारा किया गया वही कार्यक्रम के पूरी तैयारी संस्थान के मैथ अनुदेशक बिहारी लाल प्रसाद,मुख्य अनुदेशक अवधेश कुमार, श्रवण कुमार, मोहन प्रसाद कुशवाहा, मो.रहीम तथा अन्य सहयोगी कर्मचारी बब्लू कुमार,नवीन कुमार,देवेंद्र कुमार मनोज कुमार,तथा सुनील कुमार ने अपनी अहम योगदान दिए ' भवन के शिलान्यास के पश्चात मुख्य अतिथि डा संजय जायसवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहे की बच्चियों के सर्वांगीण विकास के लिए मैं सरकार से हमेशा प्रयासरत रहेंगे ' संस्थान के प्रभारी प्राचार्य ई.रवि कुमार ने बताए की इस संस्थान में 4 व्यवसाय की प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमे लगभग 160 बच्चियां प्रशिक्षणरत है ' वही व्यवासाय अनुदेशक ई.सिकंदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि यह संस्थान 2016 स्थापित है जिसमे से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकड़ो बच्चियां रेलवे,बिहार पुलिस, एसएससी, एसएसबी, बैंकिंग सेक्टर तथा प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रही है तथा अनेकों बच्चियां आईटीआई के तहत लेटरल एंट्री से डिप्लोमा तथा इंजीनियरिंग कर रही है ' संस्थान के मुख्य अनुदेशक अवधेश कुमार तथा श्रवण कुमार ने संयुक्त रूप से कहा की बच्चियों के गुणवतापूर्ण प्रशिक्षण कराने के लिए हमलोग सरकार द्वारा प्राप्त हर एक संस्थान के भरपूर उपयोग के लिए तत्पर है

## गांधी व शास्त्री जयंती पर संम्मानित किये गये प्रधान

■ चित्रकूट



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो भारत का स्वरूप है दोनों महानभुतियों कि महत्वपूर्ण योगदान था कहा कि उनका व्यक्तित्व बहुत बड़ा था उन्होंने संघर्ष कर शोषितों वंचितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जब महात्मा गांधी जी अफ्रीका से लौट के आए तो भारत के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद विश्व के कई देशों में आजादी मिली जो इनके प्रेरणा स्रोत रही, उन्होंने कहा कि यह भारत के राष्ट्रपिता नहीं बल्कि पूरे विश्व ने उनके आदर्शों को मानते हैं। अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि हम लोग हर वर्ष गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस मानते हैं यह महापुरुष केवल महापुरुष ही नहीं देश की भविष्य लिखने वाले थे इसीलिए इन्हें बापू की उपाधि मिली है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर का आज जन्म दिवस मनाया जा रहा है जिसने इस देश की दशा और दिशा बदली इतिहास में उनकी योगदान सदियों तक चलता रहेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूपेश द्विवेदी ने कहा कि गांधी जी के मार्गों पर चलकर हम आगे बढ़ सकते हैं देश हीत व समाज हित के लिए कुछ करें तभी हमारा कार्य सार्थक होगा देश के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किया। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने कहा कि दोनों महापुरुषों एवं उनके विचारधाराओं को याद किया जाता है। टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के 16 ग्राम प्रधानों को गांधी जी की कांस्य रंग की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र एवं साल देकर सम्मानित किया गया।

### जिलाध्यक्ष ने सफाई कर्मियो को बांटी किट

फोटो 02 सीकेटी 02 सफाईकर्मी को किट देते चेयरमैन व भाजपा जिलाध्यक्ष

चित्रकूट। महात्मा गांधी व लाल बहादुर के जन्म दिवस पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग पढ़ाई के साथ-साथ पर्सनालिटी फिजिकल मेंटालिटी पर भी फोकस करें। जिलाध्यक्ष भाजपा लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर यह कार्य किया जा रहा है।

### कांग्रेसियो ने मनाई जयंती

चित्रकूट। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में मनाई गई। गोष्ठी मे जिलाध्यक्ष ने कहाकि बापूजी ने देश को आजादी दिलाने के लिए असहयोग आंदोलन नमक आंदोलन के माध्यम से देश को आजादी दिलाने के लिए कार्य किया।

### बीडीओ पर अभद्रता का आरोप

**पनवाड़ी।** आंगनवाड़ी सहायिकाओं के साथ पनवाड़ी बीडीओ द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष आसमीन खातून ने बताया कि साल 1975 में दो अक्टूबर को आंगनवाड़ी स्कूलों की नींव पड़ी थी। हर साल इस दिन आंगनवाड़ी स्थापना दिवस मनाने की परंपरा है । जिसे लेकर बुधवार सुबह आंगनवाड़ी स्कूलों में तैनात विभिन्न सहायिकाएं आंगनवाड़ी स्थापना दिवस पर राष्टपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने और भजन के उद्देश्य से पनवाड़ी स्थित ब्लॉक परिसर पहुंची। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी से परिसर में उक्त कार्यक्रम की अनुमति चाही, जिसके प्रतिउत्तर में अधिकारी द्वारा निम्न स्तरीय व्यवहार करते हुए बोला गया कि ब्लॉक परिसर कोई धर्मशाला नहीं है। सभी को ब्लॉक परिसर से बाहर निकल जाने की चेतावनी दी गई। इसके बाद महिलाओं द्वारा ब्लॉक गेट पर गांधी जयंती मनाई गई । बीडीओ के व्योहार पर संगठन में गहरा रोष गहरा रोष बताया गया है।

बता दें कि आंगनवाड़ी स्कूलों में एजुकेटर भर्ती के सरकारी ऐलान के खिलाफ आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत वनकर्मियों ने निकाली रैली




**चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व उपनिदेषक के निर्देषन मे जिला गंगा समिति एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान सूरजकुण्ड आश्रम मे चलाया गया। राजीव रंजन सिंह उपप्रभागीय वनाधिकारी कर्वी ने कहा कि आश्रम में पलाष के पौध का पौधरोपण इसलिये किया जा रहा है जिससे आश्रम में होने वाले अधिकतर भंडारे का आयोजन थार्मोकोल से बने उत्पाद का प्रयोग करते है वह पर्यावरण को दूषित करता है इसलिये आश्रम मे पलाष के वृक्षो की उपलब्धता रहेगी तो आश्रम के एक व्यक्ति द्वारा पलाष के पत्तो की थाली बनाकर उपलब्ध करा सकता है। हरिषंकर उपक्षेत्रीय वनाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिये। बीमारियो मे कमी होती है अगर बीमारियां नही आयेगी तो हम स्वस्थ्य एवं निरोगी रहेंगे। इस मौके पर गोपाल कृष्ण गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी, सुरेन्द्र कुमार व अर्जुन प्रसाद वन दरोगा, आश्रम महंत रामवदन दास, प्रकाष श्रीवास्तव, आकाष सहित अन्य रहे।

## श्रद्धालुओं नें लगाई गोरखगिरी की परिक्रमा




**महोबा।** महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के साथ साथ सर्वपितृ अमावस्या पर पितृ पक्ष के अंतिम दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने भक्ति में सराबोर होकर गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा पूर्ण करते हुए सभी पितरों को नमन किया। श्रद्धालुओं ने विश्व में लगातार ब? रही हिंसा से लोगों को मुक्ति दिलाने के साथ गुमनाम पितरों को तर्पण कर मोक्ष प्राप्ति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए परिक्रमा को पूर्ण किया।

गोरखागिरि की परिक्रमा सुबह 5.30 बजे शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ हुई जो महावीरन, पठवा के हनुमान जी, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, काली माता, शनिदेव, राम कृष्ण, छोटी चंडिका, गोरखेश्वर महादेव, नागौरिया, बालाजी हनुमान व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव पर संपन्न हुई परिक्रमा दौरान भक्तों द्वारा लगाए जा रहे ओम नमः शिवायः जयकारों से वातावरण भी भक्तिमय हो गया। भक्त हाथों में भगवा झंडा लिए कदम से कदम मिलाकर परिक्रमा लगा रहे थे। परिक्रमा पूर्ण होने के बाद मंदिर परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि सर्वपितृ अमावस्या और पितृ पक्ष का अंतिम दिन के साथ गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती होने के कारण परिक्रमा में लोगों की खासी भीड़ उमड़ी और सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव के साथ परिक्रमा पूर्ण कर पुन्य अर्जित किया।

परिक्रमा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख दिलीप जैन, प्रवीण चौरसिया, अवधेश गुप्ता, प्रहलाद पुरवार, गया प्रसाद, सिद्धे, राम किशन सेन, नीरज पुरवार, अनीस वर्मा, गुल्लू, सत्येन्द्र गुप्ता, अरविंद कोस्टा, गौरव शर्मा, भीष्म देव सेन, डा0 देवेंद्र पुरवार, अजय, प्रेम चौरसिया, भगवान दास प्रजापति, गोमती व कुसमा देवी समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने बापू और शास्त्री को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

■ महोबा



भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने के साथ साथ देश को आजादी दिलाने वाले महापुरुष राष्टपिता महात्मा गाँधी की जयंती जिले में धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के अलावा अन्य अधिकारियों ने राष्टपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कलेक्ट्रेट में गांधी जी के प्रिय भजन ÷रघुपति राघव राजा राम÷ जैसे अनेक गीतों एवं अन्य राष्टीय गीतों को भी सुना गया तथा राष्टपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर आधारित गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों ने उनके जीवन परिचय पर अपने विचार व्यक्त किए।

जिलाधिकारी ने महात्मा गाँधी के जीवन संघर्ष उनकी देश सेवा उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी ÷अन्त्योदय÷ की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता राष्टीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का परिचय कराया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ने कहा कि भारत के महान पुरुष राष्टपिता महात्मा गांधी की जयंती का यह दिन हम सब को राष्टपिता महात्मा गांधी के आदर्शो सिद्धांतों पर व उनके सदविचारों को अपनाने के साथ ही उनके पद चिन्हों बताए गए मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी नें टीवी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आसाराम, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी तरह गांधी जयंती पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी शहर के अनाथालय पहुंच, जहां पर अनाथ बच्चों के साथ महापुरुषों की जयंती मनाते हुए खुशियां मनाई साथ ही बच्चों को फल व मिष्ठाई वितरित की गई। अनाथ बच्चे अधिकारियों को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित नजर आए। बच्चों द्वारा डीएम को बुके भेंट किए गए। अनाथालय के बाद डीएम कीरत सागर के समीप स्थित राकेश चौरसिया शहीद स्मारक पहुंचने जहां पर उन्होंने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, समाजसेवी शिवकिशोर गोस्वामी, आल्हा परिषद के अध्यक्ष शरद दाऊ, डा0 ज्ञानेश्वर अवस्थी, रामजी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लस के साथ मनाई गई गांधी जयंती

### कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा ने नेतृत्व में स्वच्छता के लिए सामूहिक श्रमदान हुआ

■ चित्रकूट



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पूरे निष्ठा और सम्मान सहित हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस में स्थापित राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने राष्टपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं का आवाहन किया कि वे पूज्य बापू के विचारों और जीवन दर्शन को आत्मसात कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। प्रो मिश्रा ने पूज्य बापू और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़े प्रसंगों को लेकर युवाओं के लिए प्रेरक व्याख्यान दिया।गांधी उद्यान और प्रशासनिक भवन प्रांगण में हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों की काव्य प्रस्तुति और अभिव्यक्ति की प्रस्तुति हुई।बापू के प्रिय भजनों वैष्णव जन तो ......को प्रस्तुत किया गया। रघुपति राघव राजा राम का गायन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम चरण में निर्माणाधीन ग्राम दर्शन पार्क में सामूहिक श्रमदान किया। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी अधिष्ठाता प्रो आर पी बाजपेई ने किया। संचालन सह संयोजक डॉ ललित कुमार सिंह परीक्षा नियंत्रक ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के आगमन और पूज्य बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस मौके पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्टपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात गांधी उद्यान के सम्मुख प्रशासनिक भवन सभागार में संगीत इकाई के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामोदय परिवार शामिल हुआ। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने की। इस अवसर प्रो मिश्रा ने राष्टपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अनेक संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि गांधी जी का पूरा जीवन अनुकरणीय है। प्रो मिश्रा ने गांधी जी की हरिश्चंद्र नाटक से मिली सत्य और अहिंसा की प्रेरणा, गरीबी से तंग एक ग्रामीण बहन को अपनी आधी धोती फाड़कर देने के साथ ही आजीवन आधी धोती पहनने के संकल्प, देश की आजादी के लिए चल रहे आंदोलन को अहिंसात्मक दिशा में मोड़ने आदि प्रेरक प्रसंग साझा किए। प्रो मिश्रा ने बताया कि राष्टपिता अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने स्वदेशी अपनाओ और अंग्रेजो भारत छोड़ो का नारा बुलंद करते हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को अहिंसात्मक ढंग से गतिमान बनाया। इसी श्रृंखला में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी भरा था। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा लगाते हुए देश में आए अन्न संकट को दूर करने के लिए तत्समय भारतीय जनता को एक पहर भोजन न करने के लिए केवल व्योहारिक प्रेरणा ही नहीं दी अपितु राष्ट के आत्म सम्मान को गौरान्वित किया।

कार्यक्रम में कुलसचिव, अधिष्ठाता गण प्रो शशि कांत त्रिपाठी , डॉ सुधाकर मिश्रा सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

## बापू की जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

■ पनवाड़ी



राष्टपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन के जरिए बापू और शास्त्री को स्वच्छांजलि दी गई। ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में बुधवार सुबह सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों से स्वच्छता में सहयोग का अनुरोध किया गया। वहीं ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी, बीडीओ संतराम की अगुआई में कर्मियों ने समूचे परिसर को झाडू से बुहारा। उधर, कस्बा स्थित अम्बेडकर पार्क में जिलापंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी के साथ स्थानीय भाजपा नेताओं ने पार्क में झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अनुरागी ने कहा कि बापू और शास्त्री के आदर्श और उनकी जीवन पद्धति देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।

इसके अलावा नगर के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में छात्रों द्वारा प्रतियोगी और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्य सतेंद्र कुमार ने देश की आजादी में महात्मा गांधी के योगदान और जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री से जुड़े संस्मरण छात्रों से साझा किए। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रशासन की ओर से छात्रों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत साफ सफाई की शपथ दिलाई गई।

स्वच्छ अभियान कार्यक्रमों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इं. श्रीप्रकाश अनुरागी, एडीओ (आईएसबी), अवर अभियंता राजेश वर्मा, लेखाकार श्रीप्रकाश चन्द्र वर्मा, विनोद बाबू, पनवाड़ी मण्डल अध्यक्ष पवन सोनी, मण्डल उपाध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा, तेजकुमार अग्रवाल, मनोज सोनी, भरत श्रीवास, राजा दीक्षित, इन्द्रेश प्रजापति समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ब्लॉक में गूंजा रघुपति राघव राजाराम का तराना

राष्ट्रपिता की जयंती पर ब्लॉक परिसर सभागार में भजन गायन का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी एवं बीडीओ संतराम के साथ सचिव और अन्य कर्मचारियों द्वारा बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम का सामूहिक गान सम्पन्न हुआ। अनुरागी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्तम्भ पर माल्यार्पण किया।

## सार संक्षेप

### थलपति 69 में काम करेंगे बॉबी देओल



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल बहुप्रतीक्षित पैन-इंडियन मैग्नम ओपस, थलपति 69 में काम करते नजर आयेंगे। केवीएन प्रोडक्शंस यह घोषणा करते हुए उत्साहित है कि बॉबी देओल आधिकारिक तौर पर थलपति 69 के कलाकारों में शामिल हो गए हैं। यह बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म थलपति विजय की अंतिम फिल्म हो सकती है। थलापति 69' के प्रोडक्शन हाउस केवीएन प्रोडक्शन्स ने एक्स पर बॉबी देओल की फोटो वाला एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ कैप्शन में लिखा गया है, 'अब 100 प्रतिशत ऑफिशियल, इसकी घोषणा करते हुए बहुत खुश और रोमांचित हूं। बॉबी देओल थलापति 69 कास्ट में शामिल हो गए हैं। बॉबी देओल ने भी 'थलापति 69' का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए सुपर एक्साइटेड हूं।

### जयपुर में गांधी जयंती पर शुरू हुई गांधी वाटिका

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को सेन्ट्रल पार्क स्थित गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) को आमजन के लिए खोल दिया गया। पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके पहले दिन एक हजार से अधिक की संख्या में कालेज एवं स्कूल के विद्यार्थियों एवं आमजन ने गांधी वाटिका को देखा तथा गांधीजी के जीवन यात्रा को जाना। श्री जैन ने बताया कि गांधी वाटिका में महात्मा गांधी के बचपन, उनकी जीवन यात्रा एवं दक्षिण अफ्रीका यात्रा, सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन, चौरी-चोरा आन्दोलन आदि को दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि गांधी वाटिका में एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगी। उन्होंने बताया कि गांधी दर्शन म्यूजियम को देखकर यहां आने वाले विद्यार्थी और आगन्तुक पर्यटक गांधीजी के जीवन दर्शन से प्रेरित होंगे।

### नीलोखेड़ी से आप प्रत्याशी अमर सिंह कांग्रेस में शामिल

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा चुनाव में नीलोखेड़ी (सुरक्षित) विधानसभा हलके से आम आदमी पार्टी (आप) प्रत्याशी अमर सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। श्री अमर सिह हरियाणा कांग्रेस के मुख्यालय में पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए और पार्टी प्रत्याशी धर्मपाल गोंदर को समर्थन का एलान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सीधा मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी में है और भाजपा के पक्ष में मत विभाजन न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

### बिहार : राहत सामग्री पहुंचा रहा हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**पटना:** बिहार में मुजफ्फरपुर के औराई थाना क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री पहुंचा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है लेकिन इसमें किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ( एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। पानी का बहाव अधिक होने के कारण टीम मौके तक नहीं पहुंच पाई है।

### जम्मू-कश्मीर : सुरनकोट से भाजपा उम्मीदवार सैयद बुखारी का निधन


**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में सुरनकोट निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार सैयद मुश्ताक बुखारी का बुधवार को बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। बुखारी का निधन जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले स्थित उनके पैतृक स्थान पामरोटे सुरनकोट में हुआ। वह जम्मू क्षेत्र में निर्वाचन क्षेत्र सुरनकोट से दो बार विधायक रहे। बुखारी 2022 में भाजपा में शामिल होने से पहले चार दशक से अधिक समय तक नेशनल कॉन्फ्रेंस से जुड़े रहे।

# लोगों ने बंदूक की निरर्थकता और वोट की शक्ति को समझ लिया : सिन्हा

● श्रीनगर,

**जम्मू**-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को एक दशक के बाद हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने के लिए पूरे प्रदेश विशेष रूप से कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर के लोगों ने वोट की शक्ति और बंदूक की निरर्थकता को समझ लिया है।

सिन्हा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को राजभवन में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक मतदान हुआ क्योंकि ये चुनाव पूरे केंद्र शासित प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से हुए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के उम्मीदवार आधी रात तक राजनीतिक रैलियों और रोड शो में लगे रहे। उम्मीदवारों के साथ-साथ मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि 1.40



करोड़ लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान करके जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि युवाओं को इसका पूरा श्रेय जाता है क्योंकि उन्होंने बड़ी संख्या में मतदान किया। इस चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि अब वे बंदूकों और पत्थरों में विश्वास नहीं रखते, बल्कि वे अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए वोट का इस्तेमाल करना चाहते हैं। युवाओं से गांधीजी के पद चिह्नों पर चलने का आग्रह करते हुए सिन्हा ने कहा कि यह राष्ट्रपिता को सबसे अच्छी श्रद्धांजलि होगी। सिन्हा ने कहा कि अब युवाओं का कर्तव्य है कि वे इस शांति को बरकरार रखें और जम्मू-कश्मीर को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने में योगदान दें।



**बुधवार को नई दिल्ली में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक समारोह के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी।**

# लेबनान में घुसे इजराइली सैनिक

## लेबनान में 2 किमी तक घुसी सेना, इजराइल ने की यूएन चीफ की एंट्री बैन

● नई दिल्ली, एजेंसी

**लेबनान** के दक्षिणी इलाके में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार को इजराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव पहुंच गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई।

आमने-सामने की इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 2 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों से लड़ाई लड़ रहा है। मंगलवार रात ईरान ने इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। हालांकि, इजराइल के मुताबिक, ईरान ने उस पर 180 मिसाइलों से हमला किया था। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया था। ईरान के हमले के बाद इजराइल ने यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल आने पर रोक लगा दी है। न्यूज के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि वठ चीफ ने ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह और



हमास का समर्थन करने वाले ईरान को सोमवार को चेतावनी दी थी। उन्होंने लेबनान के हिजबुल्लाह समूह के नेता के एक हवाई हमले में मारे जाने के कुछ दिन बाद कहा, 'पश्चिम एशिया में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता। हिजबुल्लाह ने अपने नेता हसन नसरल्ला और अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद भी लड़ाई जारी रखने का सोमवार को संकल्प लिया। आतंकी समूह के कार्यवाहक नेता नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्लाह के लड़ाके पूरी तरह से तैयार हैं।

वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि वह लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर स्थानीय जमीनी हमले कर रही है। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने मंगलवार को मीडिया में जारी एक वीडियो बयान में कहा कि सैनिक यह सुनिश्चित करने के लिए हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान चला रहे हैं कि इजराइली नागरिक उत्तरी हिस्से में अपने घरों में लौट सकें। हिजबुल्लाह ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही उत्तरी इजराइल में रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे जिससे वहां रहे लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।

# छत्तीसगढ़ सरकार दिल्ली के इशारे पर काम कर रही : पायलट

### कहा -कांग्रेस ने मजबूरी में 'न्याय यात्रा' निकालने का लिया निर्णय

● रायपुर,

**कांग्रेस** के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर दिल्ली के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि लोगो का शोषण और झूठे मुकदमे करना बंद नहीं किया तो हमारे कार्यकर्ता सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। पायलट ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 'न्याय यात्रा' छठवें दिन सड्डू से निकलकर गांधी मैदान में संपन्न इस यात्रा के समापन पर बुधवार को एक विशाल आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पायलट के अलावा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, सह-प्रभारी एस.ए. सम्पत, जरिता लेफतलांग, विजय जागिड़ सहित वरिष्ठ नेता पंडरी से न्याय यात्रा में शामिल हुये। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह



सेवादल के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया तथा ध्वज गीत और राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के गायन के साथ यात्रा की शुरूआत हुई। सड्डू से गांधी मैदान तक आठ किमी तक सैंकड़ो स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनो आम नागरिको ने यात्रा का स्वागत किया। पायलट ने कहा कि 10 महीने सरकार के बीत जाने के बाद जो यात्रा निकाली है वह 130 किमी की 'न्याय यात्रा' को सफलता से आयोजित करने व आम जन को इस यात्रा से जोड़ने के लिये इस भीषण उमस और गर्मी में 130 किमी चलकर सड़को पर इस सरकार की जो नाकामियां है उसको रेखांकित करने का काम किया है। पत्रकारो के सवाल का जवाब देते हुये पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को शौक नहीं है मजबूरी में इस यात्रा को निकालने का निर्णय लिया।

### महिला समेत सात नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर:** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से एक महिला समेत सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार को थाना नेलसनार थाना एवं थाना मिरतुर में की गई है। पहली गिरफ्तारी नेलसनार थाना क्षेत्र में हुई है, जहां एरिया डोमिनेशन पर निकले जवानों को सफलता मिली। इस दौरान उन्होंने बांगापाल डोंगरीपारा के जंगल से माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री के साथ पांच सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया। थाना मिरतुर क्षेत्र अंतर्गत चेरली विजगुफा जंगल से विस्फोटक के साथ दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये नक्सली विगत 5-6 सालों से लगातार साक्रिय होकर भाकपा माओवादी संगठन के लिए कार्य कर रहे थे।

### 'अंतरराष्ट्रीय नेपाल गुब्बारा' महोत्सव शुरू

**काठमांडू:** नेपाल के पोखरा में 30 देशों के साथ मिलकर क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर 24 दिसंबर से एक जनवरी तक 'अंतरराष्ट्रीय गुब्बारा महोत्सव' का आयोजन किया जायेगा। 'काठमांडू पोस्ट' की खबर के अनुसार इस महोत्सव का आयोजन 'नेपाल बैलून' कर रहा है। पोखरा के लौरुक से पामे के चंखापुर तक तीन किलोमीटर के दायरे में यह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 'बैलून नेपाल' नेपाल में एकमात्र हॉट एयर बैलून ऑपरेटर है। इसका काम लोगों को पोखरा में विश्व-स्तरीय हॉट एयर बैलूनिंग का रोमांचिक 'उड़ान' का अनुभव करवाना है।'बैलून नेपाल' पोखरा में स्थित है,जो नेपाल का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह हॉट एयर बैलून की उड़ानें आयोजित करता है।

### पुणे : हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन की मौत

**पुणे:** महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर के आग लगने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलटों सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हेरिटेज एविएशन का हेलिकॉप्टर सुबह बावधन इलाके में ऑक्सफोर्ड काउंटी रिज़ॉर्ट के हेलीपैड से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान दो पायलटों - परमजीत सिंह और जीके पिल्लई और इंजीनियर प्रीतम भारद्वाज के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि हेलिकॉप्टर उड़ान भरने के महज तीन मिनट बाद घने कोहरे के बीच एक पहाड़ी इलाके से गुजरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकाप्टर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के एक नेता को लेने और उन्हें रायगढ़ जिले के सुतारवाड़ी ले जाने के लिए मुंबई की ओर जा रहा था।



**बुधवार को हैदराबाद में भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ।**

# पार्वती सिद्धारमैया ने कराएं 14 भूखंड रद

### 14 विवादित भूमि प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक दी थी अर्जी

● बेंगलुरु,

**कर्नाटक** में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) आवंटन घोटाले में बुधवार को आए एक नाटकीय मोड़ में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी के अनुरोध पर 14 विवादास्पद भूखंडों का आवंटन आधिकारिक रूप से रद्द कर दिया गया। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां बताया कि मुडा ने यह आवंटन रद कर दिया ।

मुडा ने यह कदम मुख्यमंत्री की पत्नी बी एम पार्वती द्वारा विवादित भूखंडों को वापस करने के अभूतपूर्व अनुरोध के बाद उठाया



है,जिससे मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर भूमि आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े विवाद में नयी जान फूंकी गई है।

कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य एवं मुख्यमंत्री के बेटे डॉ. यतीन्द्र सिद्दारमैया ने मंगलवार को अपनी मां की ओर से मुडा कार्यालय में 14 विवादित भूमि प्लॉट्स को छोड़ने की औपचारिक अर्जी दी। मुडा के आयुक्त रघुनंदन ने बिना कोई समय बर्बाद किए और मूल रूप से श्रीमती सिद्दारमैया को आवंटित भूखंडों के विक्रय पत्र को रद्द कर दिया। इसके साथ, विवादित भूमि अब मुडा के नियंत्रण में वापस आ गई है, हालांकि इस मुद्दे पर राजनीति अभी समाप्त नहीं हुई है। रघुनंदन ने कहा कि कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद हमने श्रीमती सिद्दारमैया के नाम पर आवंटित 14 भूखडों को रद्द कर दिया है और सरकार को इसके बारे में सूचित कर दिया है। भूमि अब फिर से मुडा के कब्जे में हैं और हम अगले कदम को निर्धारित करने के लिए आगे कानूनी सलाह लेंगे। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि आवंटन रद करने का निर्णय मुख्यमंत्री या उनके परिवार को इस बात की चल रही जांच से छूट प्रदान नहीं करता है।

# झारखंड सरकार के संरक्षण में चल रहे पेपर लीक कराने वाले गिरोह: पीएम



● रांची,

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि कहा कि कांग्रेस ने अपने एक परिवार को पहचान दिलाने के लिए देश के कोने-कोने में बसे आदिवासी परिवारों की पहचान मिटा दी।

मोदी ने बुधवार को हजारीबाग के मटवारी मैदान में भाजपा की परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में इतना बड़ा योगदान देने वाले आदिवासी समाज को कांग्रेस ने कभी महत्व नहीं दिया। मोदी ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में झारखंड में पेपर लीक कराने वाले गिरोह चल रहे हैं। लाखों रुपए में लेकर पेपर बेचा जा रहा है और झारखंड के युवाओं का हक मारा जा रहा है। पेपर लीक के माध्यम से करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं। ये पैसे उपर बैठे उनके मालिकों तक पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड

### प्रधानमंत्री मोदी बोले- झारखंड के युवाओं का हक मारा जा रहा है

की धरती ने जनजातीय संस्कृति को संजोया है। झारखंड के साथ भाजपा और उनका एक विशेष रिश्ता बन गया है। ये रिश्ता दिल का रिश्ता है। साझे सपनों का रिश्ता है। इसलिए झारखंड उन्हें बार-बार बुलाता है और वे बार-बार दौड़े चले आते हैं। मोदी ने कहा कि आज उन्हें गर्व है कि उनकी सरकार आदिवासी नायकों को पूरा सम्मान दिला रही है। ये भाजपा है, जिसने आदिवासी म्यूजियम बनाने का अभियान शुरू किया है। रांची में भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित म्यूजियम बना है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की गयी है। मोदी ने कहा कि आज से झारखंड में परिवर्तन की शुरुआत हो गयी है।झारखंड के विकास के लिए, हर गरीब को घर मिले, इसके लिए परिवर्तन की शुरुआत हो गयी है। हर घर को जल का कनेक्शन, भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए, जल, जंगल, जमीन की हिफाजत के लिए, बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए बदलाव शुरू हो गया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसी नीतियां बनाई थी जिससे कि एससी, एसटी, ओबीसी के लोग आगे न बढ़ पाएं। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र में भाजपा की सरकार है एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता है। कांग्रेस का चरित्र ही दलित, वंचित, आदिवासी विरोधी है। मोदी ने हेमंत पर तंज कसते हुए कहा कि हेमंत सरकार की विदाई होने से पहले इन्होंने भ्रष्टाचार की स्पीड और स्केल दोनों को बढ़ा दिया है।



**बुधवार को हरिद्वार में हर की पौड़ी पर श्राद्ध अमावस्या के दिन श्रद्धालु अपने पूर्वजों के लिए श्राद्ध 'तर्पण' अनुष्ठान करते हुए।**

# इजरायल-ईरान युद्ध नया टेंशन

इजरायल और ईरान के बीच जंग से दुनिया की टेंशन बढ़ गई है। क्यों कि रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध का अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। ऐसे में इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध से वैश्विक दुनिया के लिए नया संकट खड़ा हो गया है। दरअसल इजरायल और ईरान आमने-सामने से एक दूसरे पर मिसाइल दागने लगे हैं। ईरान द्वारा इजरायल पर दो सौ से अधिक मिसाइल दागे जाने पर अब इसराइल भी पलटवार करने की बात कर रहा है। ईरान ने हमला कर हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की मौत का इजरायल से बदला लिया है। ईरान ने रॉकेट-मिसाइल से अटैक कर तेल अवीव के आसमान को धुआं-धुआं कर दिया। ईरान ने इजरायल पर करीब 200 बैलेस्टिक-हाईपरसोनिक मिसाइलों की बरसात कर दी। इजरायल ने जिस बेस से नसरल्लाह को मारने के लिए एफ 35 जेट्स को लॉन्च किया था, ईरान ने उसे भी ध्वस्त करने का दावा किया है। ईरान ने इजरायल पर अब तक का सबसे बड़ा हमला है। ईरानी हमले के बाद इजरायल ने भी बदला लेने की कसम खाई है। इजराइल की सेना ने समूचे दक्षिणी लेबनान में 24 गांवों के निवासियों को गांव खाली करने की चेतावनी दी है। इजराइल द्वारा बुधवार को जारी यह चेतावनी ऐसे समय में सामने आई है जब कुछ दिन पहले ही सेना ने हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह से निपटने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों के निकट अभियान शुरू किया था। यह गांव संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'बफर जोन' में आते हैं, जिसे 2006 में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच हुए पिछले युद्ध के बाद स्थापित किया गया था। इजराइल-ईरान जंग पर भारत की ओर से प्रतिक्रिया आई है। भारत ने दोनों पक्षों से शांति रखने की अपील की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने 'पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की है। हम सभी पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील करते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि यह संघर्ष एक बड़े क्षेत्रीय तनाव का रूप न ले इसलिए हमारा आग्रह है कि सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जाए। इजरायल-ईरान जंग पर भारत ने बातचीत से हल निकालने की अपील की है। भारत ने ईरान और इजरायल दोनों से संयम बरतने की अपील की। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इजरायल-ईरान जंग पर चिंता जाहिर की। इजरायल पर हमला करने के बाद ईरान ने अब अमेरिका को चेताया है। ईरान ने अमेरिका को जंग में दखल न देने की धमकी दी है। ईरान ने कहा कि जंग में दखल दोगे तो अच्छा नहीं होगा। वैसे ईरान और इजरायल के बीच जंग की अभी शुरुआत हुई है। इजरायल अब पलटवार करने के मूड में है। नेतन्याहू ने बदला लेने की कसम खाई है। ऐसे में वह अमेरिका की मदद से किसी भी वक्त हवाई हमला कर ईरान को धुआं-धुआं कर सकता है। यह बात ईरान भी अच्छे से जानता है कि इजरायल को अमेरिका मदद कर रहा है। यही वजह है कि अब ईरान ने गुरुवार सुबह 5 बजे तक अपने एयर स्पेस को बंद कर दिया है। कुलमिलाकर वैश्विक दुनिया के लिए रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी एशिया में इस युद्ध से दहशत है क्योंकि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, इससे युद्धरत देश तो हर तरफ के संकट में आएंगे ही बल्कि अन्य देश भी प्रभावित हुए बगैर नहीं रहेंगे।

## संतवाणी





बहुत ज्यादा प्राप्त करने वाली कोई चीज नहीं होती है। जीवन कभी ना खत्म होने वाली संभावना है। - **सद्गुरु जग्गी वासुदेव**, उपदेशक

शक्ति आराधना



**शाहीन सबा**

# भारत में नवरात्र पर्व का अद्वैत भाव अद्‌भुत

भारत का हृदय स्थल जबलपुर है, जहां जनजाति संस्कृति की आत्मा बसती है। यही वह नगर है जहां आज भी जनजातीय समाज हिंदू संस्कृति के ऐक्य भाव को समाहित कर मां भगवती की उपासना करते हैं। पूजन पद्धति भले ही अलग हो लेकिन ऐसे कई मंदिर शहर और आसपास मौजूद हैं जहां सैकड़ों वर्षों से जनजाति अनवरत पूजन करने पहुंचते हैं। देखा जाए तो जनजातीय संस्कृति जबलपुर के लिए एक उपहार है। यहां सैकड़ों वर्षों से खेरमाई माता का पूजन हिंदू और जनजातीय मिलकर कर रहे हैं। जिसमें आज भी सनातन परंपरा का निर्वाह किया जाता है। गोंड संस्कृति में खेरमाई माता का पूजन वर्षों से किया जा रहा है। इन्हीं मंदिरों में हिंदू नवरात्र पर्व पर विशेष आराधना करने पहुंचते हैं। खेरमाई माता मंदिर को पहले खेरो माता के नाम से जाना जाता था। जो ग्राम देवी के रूप में पूजी जाती हैं। बसाहट के अनुसार मंदिरों की स्थापना भी बढ़ती गई। जबलपुर में मां बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया और मां बूढ़ी खेरमाई (खेरदाई) मंदिर चार खंबा में सैकड़ों वर्षों से जनजाति और हिंदू मिलकर पूजन कर रहे हैं। धीरे-धीरे उपनगरीय क्षेत्रों में भी खेरमाई माता की स्थापना की गई जिसे अब छोटी खेरमाई मंदिर के नाम से जाना जाता है।

**जनजाति संस्कृति का केंद्र है जबलपुर**-भारत के मानचित्र पर जबलपुर केंद्र बिंदु तो है ही इसे जनजाति संस्कृति का केंद्र भी माना जाता है। यही वह शहर है जहां आज भी जनजाति समाज हिंदू संस्कृति के मूल में होकर मां दुर्गा की उपासना करते हैं। देखा जाए तो जनजातीय संस्कृति जबलपुर के लिए एक उपहार है। हिन्दू संस्कृति में जनजातीय समाज में बड़ा देव को मूल माना गया है, वहीं हिंदू संस्कृति में शिव के रूप में शिरोधार्य हैं। लेकिन दोनों सनातन धर्म का ही पालन कर रहे हैं। देखा जाए तो जनजातीय और हिंदू संस्कृति किसी भी दृष्टिकोण से पृथक नहीं हैं। भारतीय संस्कृति में देवी पूजा को मुख्य माना गया है और वहीं जनजातीय संस्कृति में प्रकृति पूजन के रूप शिरोधार्य है। यही कारण है कि जनजातीय प्रकृति की उपासना करते हुए वन प्रदेशों में रहे और शेष नगरीय क्षेत्रों में निवास करते हैं। संस्कारधानी को देखा जाए तो वह अपने आप में एक संस्कृति है। जहां सभी धर्म के लोग रहते हैं और यहां हर धर्म के उत्सव देखने मिलते हैं। इसलिए आचार्य विनोबा भावे ने इसे संस्कारधानी का नाम दिया। यह एक शाश्वत नगरी है।

**प्रकृति से जुड़ी है मूर्ति पूजा**-जनजातीय प्रकृति पूजन को प्रधानता देते हैं लेकिन प्रकृति के तत्वों से ही मिलकर मूर्ति की स्थापना कर पूजन शुरू हुआ। नगर के बड़े प्राचीन मंदिरों की बात करें तो यह कहीं न कहीं गोंड संस्कृति से जुड़ा रहा। यही कारण है कि जहां गोंड शासकों ने जहां शहर में कुआं,



तालाब और बावड़ियों का निर्माण कर प्रकृति की उपासना की वहीं मंदिरों का भी जीर्णोद्धार कराकर संरक्षित किया।

**गोंड राजा मदन शाह ने बनवाया था बड़ी खेरमाई मंदिर** -बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया के बारे में प्रामाणिक तथ्य है। सन् 1290 में कड़ा और मानिकपुर के तुर्कसूबेदार अलाउद्दीन खिलजी से एक बार गोंड राजा मदन शाह परास्त होकर यहां खेरमाई मां की शिला के पास बैठ गए। जहां उन्हें आध्यात्मिक अनुभूति हुई तदुपरांत पूजा के बाद उनमें अद्भुत शक्ति का संचार हुआ और राजा मदन शाह ने तुर्कसेना पर आक्रमण कर अलाउद्दीन खिलजी को परास्त कर खदेड़ दिया। 500 वर्ष पूर्व गोंड राजा संग्राम शाह ने मढ़िया की स्थापना कराई थी। शहर अब महानगर हो गया है लेकिन आज भी मां खेरमाई (खेरदाई) का ग्राम देवी के रूप में पूजन किया जाता है। सन् 1652 में पहला जवारा चल समारोह गोंड शासक हृदय शाह ने निकाला था और बाना धारण किया था। यह परंपरा 372 वर्षों अनवरत जारी है।

**1500 साल से मां धूमावती की आराधना**-चार खंबा स्थित मां धूमावती मंदिर को बूढ़ी खेरमाई मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यहां लगभग 1500 साल से लोग आराधना कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां बाना चढ़ाने की विशेष परंपरा है। प्रार्थना पूरी होने पर भक्त विशेष रूप से बानों को मां के चरणों में बानों को अर्पण करते हैं। सबसे बड़े बाने को एक साथ 11 लोग पहनकर जवारा विसर्जन चल समारोह में निकलते हैं। मां के लिए मनोकामना पूर्ण होने पर आस्था प्रदर्शित करने के लिए नुकीले बाना छेदने की प्रथा सन् 1480 से गोंडवाना के महाप्रतापी राजा संग्राम शाह ने प्रारंभ की थी और चल समारोह में स्वयं बाना धारण किया था, तब से 544 वर्ष हो गए यह परंपरा हर वर्ष विस्तृत रूप लेते जा रही है। महालक्ष्मी के रूप में हैं मालादेवी-गढ़ा ब्राह्मण मोहल्ला में मालादेवी की प्रतिमा 14 सौ साल से है। मालादेवी का पूजन 6वीं शताब्दी से हो रहा है। ये कल्चुरी हैहय चंदेल क्षत्रिय वंश की कुलदेवी हैं। माला देवी भगवती महालक्ष्मी के स्वरूप में हैं। गोंडवंश की महारानी वीरांगना दुर्गावती नियमित रूप से आराधना कर अपने वैभव का आशीर्वाद मांगती थीं। वर्तमान स्थल के सामने राजा शंकर शाह का महल था, राजा शंकर शाह सुबह सबसे पहले भगवती के दर्शन करते थे। पहले मढ़िया में केवल एक पत्थर और वहां बानों को ही लोग पूजते थे, परन्तु 10वीं शताब्दी में पत्थर की मूर्ति मढ़ा दी गई थी। अभी भी वही मूर्ति पूजी जा रही हैं। माला देवी गढ़ा कटंगी के गोंड राजवंश की आराध्या थी अब जनसाधारण की पूज्य देवी हैं।

सनातन धर्म और संस्कृति शाश्वत है। दुनिया में विविध धर्म हैं, परन्तु शायद ही इनके अधिष्ठाताओं ने नारी को शक्ति के रूप अभिव्यक्त किया हो, वहीं दूसरी ओर जनजातीय अवधारणा- जय सेवा, जय बड़ा देव,जोहार,सेवा जोहार - का मूल-कोयापुनेम (मानव धर्म और प्रकृति की शाश्वतता)में निहित है, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में भारतीय संस्कृति में शिरोधार्य है। विश्व में भारत से ही जनजातीय समाज और संस्कृति का आरंभ हुआ और उनके हमारे आदि देव फड़ापेन और भगवान् शिव एक ही हैं, अर्थात अद्वैत है। शम्भू महादेव दूसरे शब्दों में शम्भू शेक(महादेव की 88 पीढ़ियों का उल्लेख मिलता है- प्रथम...शंभू-मूला, द्वितीय-शंभू-गौरा और अंतिम शंभू-पार्वती) ही हैं शंभू मादाव (अपभ्रंश - महादेव) ही हैं। संपूर्ण भारत वर्ष में नवरात्र का उत्सव विविध रूपों में शक्ति की उपासना का सर्वोच्च पर्व है। नवरात्र पर्व में जनजातीय समाज की उपासना पद्धति हिन्दू संस्कृति के चित्रफलक में प्रकृति के विविध रंग भरती है। हमारा मूल एक ही है, इसलिए अपकारी शक्तियों द्वारा बांटने का कुत्सित प्रयास कभी सफलीभूत नहीं होगी। पाश्चात्य विद्वानों और तथाकथित सेकुलरों द्वारा जनजातीय समाज में मूर्ति पूजा का निषेध बताना मूर्खता है क्योंकि मूर्तियां निर्गुण की उपासना का प्रतीक हैं। गोंड समाज में खेरो माता, भील समाज में नवणी पूजा, कोरकू समाज में देव दशहरा, झारखंड में दसांय नृत्य से उपासना,म.प्र.के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में डूंगरी माता, गुजरात के जौनसार-बावर में अष्टमी पूजन, पूर्वी उत्तरप्रदेश, बिहार और झारखंड में जइया पूजा, गुमला जिले में श्रीबड़ा दुर्गा मंदिर का पूजन प्रमाण हैं। आदिशक्ति का सर्वव्यापीकरण विशेष कर महाकौशल, बुंदेलखंड और विंध्य में खेरमाई के रूप में हुआ है जो गोंडवाना में खेरदाई के रूप में शिरोधार्य है और जबलपुर के मंदिरों और अन्यत्र अधिष्ठानों में स्थापित खेरदाई की प्रतिमाएं नवरात्र पर्व में मां भगवती के विविध स्वरूपों में पूजनीय हैं। खेरमाई (खेरदाई) अपकारी शक्तियों से हमारी धरती के साथ सभी प्राणियों और वनस्पतियों की रक्षा करती हैं। भारत में नवरात्र पर्व का यह अद्वैत भाव अद्भुत एवं अद्वितीय होने के साथ मार्गदर्शी भी है।

तिरुपति बालाजी प्रसादम



**मधुकर चतुर्वेदी**

# बढ़ते मंदिरों में घटती गौशालाएं चिंतनीय पहलू

गौ माता की दयालुता कितनी दिव्य है कि सूखे भूसे और घास को खाकर जन्मभर हमें दूध और घी जैसे पौष्टिक द्रव्य प्रदान करती है। आयुर्वेद के आचार्य सुश्रुत ने कहा है-'प्रवरं जीवनीयानां क्षीरमुक्तं रसायनम-गौ दुग्ध, दही और घी मनुष्य की आयु बढ़ाने वाला और उसे रोग मुक्त बनाता है। गौ के इतने प्रमाणित दिव्य गुणों को जानने के बाद भी आज मानव की रूचि ना गौपाल में है और ना ही गौमय पदार्थों के उपयोग में दिख रही है। गौवंश की उपेक्षा का ही परिणाम है कि हमारे देवालयों के गर्भगृह में चर्बीयुक्त घी और घरों में रोग पहुंच गया है। चिंता की बात यह भी है कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् (टीटीडी) सबसे धनी संस्थानों में से एक है। इसका बजट पांच हजार करोड़ रु. से अधिक और 18 हजार करोड़ रु. से अधिक की जमा राशि और 1 हजार किग्रा से अधिक सोना होने के बाद भी उसके पास गौशाला से उत्पादित घी नहीं है। अगर तिरुमला मंदिर प्रबंधन चाहता तो स्वयं की गौशाला में घी का उत्पादन कर मंदिर के प्रसाद की मर्यादा को बनाए रख सकता था। ऐसा भी नहीं हैं कि तिरुमला मंदिर में गौशाला नहीं है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की गौशाला में लगभग एक हजार गायें हैं और इन गायों से करीब 800 लीटर दूध रोज मिलता है। इसके बावजूद भगवान वेंकटेश्वर के पवित्र प्रसाद तैयार करने में मछली के तेल, गौ मांस की चर्बी और पशु वसा मिलाए गए घी के इस्तेमाल का खुलासा होने के बाद 'किसने' किया, 'क्यों' किया पर तो चर्चा हो रही है, लेकिन, आगे मंदिरों सहित हिंदुओं के घरों की पवित्रता और श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य कैसे सुरक्षित रहे, इस पर कोई ठोस रणनीति ना संतों की ओर से ना ही सरकार की ओर से अभी तक सामने आई है।

तिरुपति मंदिर में हर छह महीने 1400 टन घी लगता है और कर्नाटक को-ऑपरेटिव मिल्क फेडरेशन पिछले 50 साल से रियायती दरों पर ट्रस्ट को घी दे रहा था। जुलाई 2023 में कंपनी ने कम रेट में सप्लाई देने से मना कर दिया, जिसके बाद पूर्व की जगन सरकार ने 5 फर्म को सप्लाई का काम दिया था। हालांकि प्रसाद में मिलावट के खुलासे के बाद अब टीटीडी ने कर्नाटक मिल्क फेडरेशन से घी खरीदना शुरू कर दिया। साथ ही घी की



शुद्धता का परीक्षण करने वाली गुजरात के आणंद की एक प्रयोगशाला ने तिरुपति को घी की शुद्धता की जांच करने के लिए एक मशीन दान करने पर सहमति दी है। टीटीडी और आंध्र सरकार मिलकर भले ही किसी भी फेडरेशन या कंपनी से घी खरीदे लेकिन, जब तक मंदिर प्रबंधन स्वयं की गौशाला में घी का उत्पादन नहीं करेगा, तब तक प्रसाद की शुद्धता पर संदेह बना रहेगा। अच्छा तो यह रहेगा कि टीटीडी और सरकार तिरुमला मंदिर में एक आदर्श गौशाला व गौ नस्ल सुधार के केंद्र को स्थापित कर समाज के सामने एक मॉडल प्रस्तुत करे। इसके लिए वह देश के विभिन्न राज्यों में संचालित कुछ आदर्श गौशालाओं और उनके संचालकों से सहायता प्राप्त करें। अभी भी देश के कुछ मंदिरों में गौशालाएं संचालित हो रही हैं। इसमें पुष्टिमार्ग के मंदिरों की गौशालाएं सबसे अधिक उन्नत हैं। नाथद्वारा, मथुरा, गोवर्धन, सूरत, मुंबई, अहमदाबाद जैसे महानगरों में भी पुष्टिमार्ग के प्रत्येक मंदिर में गौ पालन होता है और इन्हीं के दूध से बनी सामग्रियों से ही आराध्य को भोग लगाया जाता है। वहीं पथमेड़ा, बरसाना, हरिदास संप्रदाय की विहारवन गौशालाओं, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों में प्राचीन मठों व देवस्थानों में आज भी हजारों की संख्या में गौवंश रहता है और इनसे प्राप्त गौमय पदार्थों का भोग बनाने में प्रयोग होता है। इतना ही नहीं यह सभी गौशालाएं नस्ल सुधार में भी योगदान दे रही हैं। देशी गाय नस्ल सुधार की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा और समाज के सहयोग से गौवंश संरक्षण और नस्ल सुधार के लिए मथुरा के फरह स्थित परखम ग्राम में दीनदयाल उपाध्याय गौ अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जा रही है, भविष्य में यह केंद्र देशी गौवंश नस्ल सुधार और संरक्षण की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। कुछ वर्षों पहले तक भारत में 80 प्रकार की देशी गायों की नस्लें थी, जो घटकर लगभग 42 प्रकार की रह गयी हैं। अभी भी देशी गाय की कुछ नस्लें दूध उत्पादन में विदेशी नस्लों की गायों को पीछे छोड़ रही हैं। टीटीडी और आंध्रप्रदेश सरकार मंदिर में घी सप्लाई के ठेके देने के बजाय आंध्र की प्रसिद्ध देशी नस्ल की गाय 'अंगोल' के पालन और संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करे तो सनातन की परंपराएं सुरक्षित हो सकेंगी। 'अंगोल' गाय आंध्र सहित तमिलनाडु के क्षेत्र में पाई जाती है। इस जाति के बैल भारी बदन के और ताकतवर होते हैं। यह प्रजाति सूखा चारा खाकर भी जीवन निर्वाह कर सकती है। इस नस्ल के ऊपर ब्राजील काम कर रहा है। केवल देवस्थान, मठ और सरकार ही नहीं, हिंदुओं के बीच काम करने वाले सामाजिक संगठनों को भी अपनी कार्य योजनाओं में व्यवहारिक परिवर्तन लाने की जरूरत है। तिरुमला मंदिर के प्रसाद में मिलावट के खुलासे के बाद कई हिंदू संगठनों सहित संतों और महंतों ने बैठकें की और मंदिरों से सरकारी हस्तक्षेप को समाप्त करने की मांग भी की। क्या यह संगठन किसी गौशाला का संचालन करते हैं? कितने संत और महंतों के आश्रम में गौपालन होता है, इन संगठनों के पदाधिकारी सहित कितने संत और महंत गौसेवी हैं। फेसबुक और इंस्ट्रा पर रोजाना रील बनाने वाले कितने मठाधीशों ने प्रसाद में मिलावट के खुलासे के बाद संकल्प लिया कि वह गौ पालन करेंगे, गौसेवी बनेंगे? बीएमडब्ल्यू, फॉर्च्यूनर के एसी में घूमने वाले सनातन के रक्षकों को गोचर भूमि में आना ही होगा। केवल सरकार के भरोसे गौवंश संरक्षण और घी को चर्बीयुक्त होने से नहीं रोका जा सकता, समाज और समाज को चलाने वालों को अपने घरों और आश्रमों में 'खूंटा' गाढ़ना होगा, किसान के खूंटे पर गाय बंधे, इसके लिए गौ दुग्ध की मांग बढ़ानी होगी। महानगरों में सामान्य घरों और सोसायटियों में गोपाल संभव नहीं भी होता तो कम से कम हम प्रतिदिन एक लीटर गाय का दूध मंगाना और गौमय पदार्थों का उपयोग तो कर ही सकते हैं, अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब, हिंदू समाज केवल किताबों में ही गाय के दर्शन करेगा। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

अग्रसेन जयंती आज



**मुकेश सिंहल**

# इतिहास के महानायक महाराजा अग्रसेन



महाराजा अग्रसेन भारतीय इतिहास के महानतम नायकों में से एक माने जाते हैं। नाम भारतीय समाज में व्यापार और उद्यमिता के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया जाता है। महाराजा अग्रसेन का जन्म लगभग 5200 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में हुआ था। वे सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा वल्लभ के वंशज थे और उनके परिवार में वीरता, धर्म और न्याय का बहुत महत्व था। महाराजा अग्रसेन का जन्म महाभारत काल में हुआ माना जाता है। वे प्रतापनगर के राजा थे और उनके शासनकाल में राज्य में सुख-समृद्धि और शांति का वास था और वे अपने न्यायप्रियता और उदारता के लिए प्रसिद्ध थे। महाराजा अग्रसेन ने 18 गौत्रों की स्थापना की थी, जो आज अग्रवाल समाज के रूप में जानी जाती हैं। अग्रवाल समाज में विवाह के समय यह परंपरा है कि वे अपने गौत्र के भीतर विवाह नहीं करते, बल्कि अन्य गौत्रों में विवाह करते हैं। इस परंपरा का उद्देश्य था समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखना। महाराजा अग्रसेन का यह कदम उस समय के सामाजिक ढांचे को बदलने में बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवन में अहिंसा और शांति के सिद्धांतों को प्रमुखता दी। उन्होंने युद्ध और हिंसा से दूर रहने का मार्ग अपनाया और अपने राज्य को भी इस दिशा में प्रेरित किया। महाराजा अग्रसेन ने व्यापार और आर्थिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अपने राज्य में 'एक रुपया, एक ईंट' की नीति लागू की, जिसके तहत राज्य के हर नए निवासी को एक रुपया और एक ईंट देकर उनकी सहायता की जाती थी। इससे राज्य में व्यापार और उद्योग का तेजी से विकास हुआ। महाराजा अग्रसेन की जयंती हर साल अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को मनाई जाती है। यह दिन अग्रवाल समाज के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। महाराजा अग्रसेन न केवल एक महान राजा थे, बल्कि वे समाज सुधारक और उद्यमिता के प्रतीक भी थे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि समानता, न्याय और उद्यमिता के सिद्धांतों का पालन करके समाज को कैसे समृद्ध और खुशहाल बनाया जा सकता है।

महाराजा अग्रसेन की जयंती पर, हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करने और समाज में समानता और न्याय को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। समाज के युवाओं में तलाक के मामलों में वृद्धि हुई है। आजकल की जीवनशैली में काम का दबाव बहुत अधिक होता है, जिसके कारण नौकरी करने वाले युवाओं के पास अपने जीवन साथी के साथ समय बिताने का समय कम होता है। यह असंतुलन अक्सर भावनात्मक दूरी का कारण बनता है। आर्थिक स्वतंत्रता से आत्मनिर्भरता आती है, जिससे लोग अपने फैसले खुद लेने के लिए सक्षम होते हैं। कभी-कभी यह आर्थिक स्वतंत्रता वैवाहिक संबंधों में संघर्ष का कारण बन सकती है। युवा दंपति अक्सर एक-दूसरे से उच्च आकांक्षाएं और अपेक्षाएं रखते हैं। जब ये अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तो असंतोष और तनाव पैदा हो सकता है। समय की कमी और व्यस्तता के कारण संचार में कमी आ जाती है। आपसी बातचीत और समझदारी का अभाव वैवाहिक जीवन में दूरी बढ़ाता है। आधुनिक समाज में परिवार और समाज का दबाव कम होता जा रहा है, जिससे तलाक लेना एक विकल्प बनता जा रहा है। दंपति अपने कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखें। इसके लिए वे एक-दूसरे के साथ समय बिताने की कोशिश करें और साथ में छुट्टियां प्लान करें। एक-दूसरे से खुलकर बात करना और समस्याओं का समाधान मिल-जुलकर करना आवश्यक है। अच्छे संवाद से आपसी समझदारी बढ़ती है। दंपति को अपने जीवन में प्राथमिकताओं का निर्धारण करें और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। यदि समस्या गंभीर हो जाए तो प्रोफेशनल काउंसलर की मदद लेना फायदेमंद हो सकता है। इससे वैवाहिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। पैसों से जुड़े मामलों पर खुलकर बात करें और पारदर्शिता बनाए रखें, ताकि कोई आर्थिक समस्या संबंधों में दरार न लाए। समाज पदाधिकारी समन्वय स्थापित कर समाज के युवा दंपति अपने वैवाहिक जीवन को अधिक सुखी और स्थिर बना सकते हैं।

**(लेखक नीमच में अग्रवाल समाज के सहसचिव हैं)**

मन की बात कार्यक्रम के दस साल पर विशेष



**डॉ नितेश शर्मा**

# मोदी की संपर्क और संवाद की नई शैली 'मन की बात'

मन की बात रेडियो कार्यक्रम ने 3 अक्टूबर को दस साल पूरे कर लिए हैं। यह मौजूदा विश्व व्यवस्था में शासक व जनता के बीच संवाद की नई परंपरा है। आकाशवाणी पर हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होने वाला कार्यक्रम मन की बात ऐसा कार्यक्रम है, जिस पर राजनीति से इतर तमाम बातें हुई हैं। इसमें खेती-किसानी, समाज, शिक्षा, स्टार्ट-अप, कोरोना, निजी स्वच्छता से लेकर सार्वजनिक सफाई व्यवस्था, भाषा ,सामुदायिक विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुई है। जिस व्यक्ति को घोर राजनीतिक माना जाता रहा हो, उसकी ओर से दस साल तक एक कार्यक्रम हो और राजनीति की बात न हो, यह मामूली बात नहीं है।

मन की बात ऐसा अनूठा कार्यक्रम है, जिसने शासक और लोक के बीच संवाद की नई परंपरा कायम की है। हो सकता है कि सार्वजनिक प्रसारक की अपनी सीमाएं हों। लोकतांत्रिक परंपराओं की वजह से उसकी पहुंच में किंचित कमी आई हो, पर यह भी मामूली बात नहीं है कि किसी प्रमुख सार्वजनिक हस्ती द्वारा बिना-नागा नियमित रूप से दस साल तक यह कार्यक्रम चले। रेडियो के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जो न सिर्फ नियमित रूप से लगातार प्रसारित हो रहा है। किसी राजनेता द्वारा रेडियो के जरिये लोगों से जुड़ने और अपनी बात कहने का पहला उदाहरण अमेरिका का है। अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने ऐसे कार्यक्रम की शुरुआत पिछली सदी के तीस के दशक में की थी। तब अमेरिका बैंकिंग संकट से जूझ रहा था। उन्हीं दिनों जर्मनी में हिटलर के उभार के बाद दूसरे विश्वयुद्ध की छाया मंडरा रही थी। वैसे में, संवाद के लिए रूजवेल्ट को सहज-सटीक माध्यम रेडियो ही लगा और उन्होंने



साप्ताहिक तौर पर फायरसाइड चैट नाम से कार्यक्रम शुरू किया। इसके जरिये उन्होंने आर्थिक महामंदी और दूसरे विश्वयुद्ध के संदर्भ में उठने वाली अफवाहों का जवाब दिया तथा अविश्वास व भय के कुहासे को दूर किया। रूजवेल्ट का वह कार्यक्रम राजनीतिक कार्यक्रम ही था। पर मन की बात राजनीति से दूर रहा है। तीन अक्टूबर, 2014 को गांधी जयंती के ठीक अगले दिन शुरू हुए इस कार्यक्रम ने अपनी इस लंबी यात्रा में सिर्फ सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और आर्थिक मुद्दों को संबोधित किया है। इसी कार्यक्रम के जरिये 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के विस्तार के रूप में 'सेल्फी विथ डॉटर' अभियान लॉन्च किया गया। नतीजतन अब बेटियों को लेकर सामाजिक पूर्वाग्रह छंटने लगे हैं।

राजनीति में संपर्क-संवाद कला का प्रभाव सभी जानते-मानते हैं। महात्मा गांधी इस संपर्क-संवाद के लिए पत्र लेखन का उपयोग करते थे। एक अनुमान के अनुसार उन्होंने एक लाख पत्र लिखे होंगे। गांधी जी ने एक दिन में अधिकतम 49 पत्र तक लिखे।शासन कला में भी संपर्क-संवाद कला अत्यंत प्रभावी हो सकती है, इसे 'मन की बात' से मोदी ने साबित कर दिया है। भारतीय सत्ता-राजनीति में 'मौन दशक'(मनमोहन सिंह का कार्यकाल) के बाद मुखर संवाद-संपर्क का यह दौर एक नए भारत का ही एक और नया प्रतिमान है। अगर सार्वजनिक जीवन में हर संभव स्तर पर सहज-सरल सीधे संपर्क-संवाद का यह सकारात्मक प्रयोग होने लगे तो देश-समाज की तस्वीर और तकदीर भी, बदलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। यह तो पूरी दुनिया मानती है कि संवादहीनता से समस्याएं बढ़ती हैं, जबकि संवाद से समाधान की राह निकलती है।

**(लेखक भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ मप्र के संयोजक हैं)**

CMYK

## सार संक्षेप

### वायुसेना ने यूनाइटेड भारत को हराया

**नई दिल्ली** : मैन ऑफ द मैच अमन खान के शानदार खेल की बदौलत बुधवार को भारतीय वायुसेना ने यूनाइटेड भारत को 3-0 से हराकर डीएसए प्रीमियर लीग में आसान जीत दर्ज की। यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में सीनियर डिवीजन से प्रोमोट हुई यूनाइटेड भारत एक बार फिर हार बचाने में नाकाम रही। उसे लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय वायुसेना ने शुरुआती मिनटों में ही दो गोल की बढ़त बना ली थी लेकिन दूसरे और पांचवें मिनट में अमन खान के गोलों से बढ़त लेने के बाद वायुसेना को तीसरा गोल जमाने में 74 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। अंततः 79वें मिनट में सौरव ने स्कोर 3-0 किया। जीत के साथ वायुसेना ने तीन मैचों में चार अंक हो गये हैं जबकि यूनाइटेड भारत लगातार तीसरा मैच हार कर जीरो अंक के साथ बारहवें और अंतिम स्थान पर है। आज गढ़वाल एफसी और तरुण सांघा के बीच एक बजे तथा रॉयल रेंजर्स बनाम दिल्ली एफसी चार बजे मुकाबला खेला जाएगा।

### नीरज की मां के हाथ का बना चूरमा का खाकर मोदी हुए भावुक

**नई दिल्ली** : भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा की मां के हाथ का बना स्वादिष्ट व्यंजन चूरमा खाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक हुए। इस विशेष मुलाकात चूरमा खाने के बाद मोदी ने नीरज की मां को एक पत्र लिखा और उनका धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा, 'आदरणीया सरोज देवी जी, सादर प्रणाम। आशा है आप स्वस्थ, सकुशल और सानंद होंगी। जमैका के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के अवसर पर आयोजित भोज में मुझे भाई नीरज से मिलने का अवसर मिला। उनसे चर्चाओं के बीच मेरी खुशी तब और बढ़ गई, जब उन्होंने मुझे आपके हाथों से बना स्वादिष्ट चूरमा दिया। आज इस चूरमे को खाने के बाद आपको पत्र लिखने से खुद को रोक ना सका। भाई नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया। आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी। मां शक्ति, वात्सल्य और समर्पण का रूप होती है। यह संयोग ही है कि मुझे मां का ये प्रसाद नवरात्र पर्व के एक दिन पहले मिला है। मैं नवरात्रि के इन नौ दिनों में उपवास करता हूं। एक तरह से आपका ये चूरमा मेरे उपवास के पहले मेरा मुख्य अन्न बन गया है। जिस तरह आपका बनाया भोजन जैसे भाई नीरज को देश के लिए मेडल जीतने की ऊर्जा देता है। वैसे ही ये चूरमा, अगले नौ दिन मुझे राष्ट्र मेवा की शक्ति देगा। शक्ति पर्व नवरात्र के इस अवसर पर मैं आपके साथ, देशभर की मातृशक्ति को ये विश्वास दिलाता हूं कि में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए और अधिक सेवाभाव से निरंतर काम में जुटा रहूंगा।

### अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता 2024 का मेजबान बनने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता का आयोजन केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो राज्य की खेल प्रतिभाओं और वन विभाग के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रदर्शित करेगा। इस खेल महोत्सव में देशभर से वन विभाग के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 20 अक्टूबर को आयोजित समापन समारोह में पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक विजेता और विश्वप्रसिद्ध निशानेबाज मनु भाकर की उपस्थिति होगी, जो खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में राज्य की तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव एवं नोडल अधिकारी शालिनी रैना के निर्देशन में राज्य के खिलाड़ी पेशेवर कोचों की देखरेख में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वन परिसर पंडरी, रायपुर में खिलाड़ियों के लिए उच्चस्तरीय आवास और पौष्टिक भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि वे अपनी फिटनेस बनाए रख सकें और सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें।

### महिला टी-20 विश्वकप आज से

**दुबई** : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के नौवें संस्करण में होने वाले भारतीय टीम के मुकाबलों का कार्यक्रम इस प्रकार है। आज से शुरु हो रहे इस टूर्नामेंट में भारत का अभियान शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से शुरू होगा। यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। वहीं भारत बनाम पाकिस्तान मैच रविवार छह अक्टूबर को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष 10 टीमें दो समूहों में तीन से 20 अक्टूबर तक खिताब के हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगी। सभी टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में ग्रुप स्टेज मुकाबले खेलने के बाद, प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम रिकॉर्ड छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। वहीं ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड है।

### एमआई केपटाउन ने हेंड्रिक्स को 2.7 करोड़ में खरीदा, बावुमा अनसोल्ड रहे

केपटाउन : साउथ अफ्रीका की लीग एसए-20 के तीसरे सीजन के लिए नीलामी हो चुकी है। इसके लिए करीब 200 क्रिकेटर्स को शॉर्टलिस्ट किया गया था। इनमें से लीग की 6 फ्रेंचाइजियों ने 13 को खरीदा है। मंगलवार को नीलामी के लिए ओपनर रीजा हेंडिक्स को एमआई केपटाउन ने 2.7 करोड़ रुपये में खरीदा है। वहीं, पूर्व कप्तान टेम्बा बावुमा को कोई खरीददार नहीं मिला है। एसए-20 का अगला सीजन 9 जनवरी से शुरू होकर 8 फरवरी तक खेला जाएगा। लीग के पिछले 2 सीजन एडन मारक्रम की कप्तानी वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने जीते हैं। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जायंट्स को 89 रन से हराकर 2024 का खिताब जीता था। टीम 2023 में पहले सीजन में भी चैंपियन बनी थी। रीजा हेंड्रिक्स 2.7 करोड़ रुपये की नीलामी के साथ इस ऑक्शन में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी बने हैं। इनके अलावा, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज समर जोसेफ को डरबन सुपर जायंट्स ने सबसे कम 20.5 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। इस नीलामी में एमआई केप टाउन, प्रिटोरिया कैपिटल्स और जोबर्ग सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी ने 3-3 खिलाड़ी खरीदे, जबकि डरबन सुपर जायंट्स ने एक ही खिलाड़ी को खरीदा। इस नीलामी में साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा और श्रीलंकाई बल्लेबाज कमिंडु मेंडिस को किसी भी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा है। बावुमा 59 टेस्ट मैचों में 3102 रन बना चुके हैं, जिसमें 2 शतक और 21 अर्धशतक शामिल हैं। उनके नाम पर वनडे में 1572 रन और टी20 इंटरनेशनल में 670 रन दर्ज हैं। फिर वह ऑक्शन में अनसोल्ड रहे हैं।

# भारत में पहली बार होगा खो-खो विश्व कप

### 2025 में होगा विश्व कप का आयोजन, छह महाद्वापों के 24 देश लेंगे हिस्सा

● नई दिल्ली,

**भारत** में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जाएगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे।

भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतर्राष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो-खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी। खो-खो की जड़ें भारत में हैं। आज, यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है। विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200



एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है। इस टूर्नामेंट में एक हफ्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे। इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है, जो खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# टेस्ट रैंकिंग में बुमराह नंबर वन गेंदबाज

## गेंदबाजी रैंकिंग में हमवतन रविचंद्रन अश्विन को पछाड़ा, यशस्वी और कोहली की छलांग



### बल्लेबाजी रैंकिंग में यशस्वी जयसवाल तीसरे पायदान और छठें स्थान पर पहुंचे विराट कोहली

● दुबई,

**कानपुर** टेस्ट में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हमवतन रविचंद्रन अश्विन को पछाड़ते हुए टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी रैंकिंग में यशस्वी जयसवाल तीसरे पायदान और विराट कोहली छठें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार गेंदबाजी में बुमराह 870 अंकों के साथ पहले पायदान पर है। वहीं आर अश्विन 869 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए है। यह दूसरी बार है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन बने हैं। इससे पहले फरवरी में भी वह नंबर वन गेंदबाज बने थे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे। कानपुर टेस्ट में दो अर्धशतकों के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं, वहीं विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी करते



हुए छठे स्थान पर पहुंच गए। कोहली ने कम स्कोरिंग वाले कानपुर टेस्ट में 47 और नाबाद 29 का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गॉले में खेले गए दूसरे टेस्ट में नाबाद 182 रन बनाने वाले कामिंडु मेंडिस अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं, वहीं बांग्लादेश के मेहदी हसन अब टेस्ट क्रिकेट के शीर्ष पांच ऑलराउंडर्स में शुमार हो गए हैं।

## साउदी ने कप्तानी छोड़ी, लेथम की अगुवाई में भारत से भिड़ेगी न्यूजीलैंड

### भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरु होगी टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली,** श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड को 2-0 से हार के बाद टिम साउदी ने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी है और भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरु होने वाली श्रृंखला के लिए टॉम लेथम को टीम का कप्तान बनाया गया है।

साउदी ने न्यूजीलैंड के लिए कुल 14 टेस्ट मैचों में कप्तान की है, जिसमें न्यूजीलैंड को छह में जीत और छह में हार का सामना करना पड़ा। 2022 में केन विलियमसन के कप्तानी छोड़ने के बाद साउदी को कप्तान बनाया गया था। हाल ही में श्रीलंका के गॉले में न्यूजीलैंड को पारी की हार का सामना करना पड़ा था। यह न्यूजीलैंड की टेस्ट में लगातार चौथी हार थी। साउदी ने इस वर्ष पिछले आठ टेस्ट में मात्र 12 विकेट लिए। श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मौका नहीं मिल पाए। लेथम ने इससे पहले 2020 से लेकर 2022 तक न्यूजीलैंड की कप्तानी कर चुके हैं।



उनकी अगुवाई में न्यूजीलैंड ने नौ टेस्ट मैच खेले हैं।

## बाबर आजम ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

● लाहौर,

**काम** का दबाव कम करने और बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए बाबर आजम ने एक वर्ष में दूसरी बार पाकिस्तान के सीमित ओवरों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है।

बाबर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी लंबी पोस्ट में बाबर ने लिखा कि मैं आप लोगों के साथ एक खबर साझा करने जा रहा हूं। मैने पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। मैंने पिछले महीने ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को इस संबंध में सूचित कर दिया था। उन्होंने लिखा टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। उन्होंने कहा कि कप्तानी एक अच्छा अनुभव रहा है, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया है। मैं अपने प्रदर्शन को



प्राथमिकता देना चाहता हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं और अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहता हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है। उन्होंने कहा पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर अधिक ऊर्जा केंद्रित कर पाऊंगा। बाबर को टी-20 और एकदिवसीय टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्हें एकदिवसीय कप्तानी करने का मौका नहीं मिला।

### ग्वालियर पहुंची टीम इंडिया-बांग्लादेश, हिंदू महासभा का विरोध

**ग्वालियर** : भारत और बांग्लादेश के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला छह अक्तूबर को ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला ग्वालियर में बने नए स्टेडियम में पहली बार होगा। वहीं, बुधवार को खिलाड़ियों के पहुंचने का सिलसिला यहां शुरू हो गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के पांच खिलाड़ी सुबह ग्वालियर एयरपोर्ट पहुंचे। जितेश शर्मा, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, अभिषेक शर्मा और रियान पराग पुलिस कारकेड के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच ग्वालियर एयरपोर्ट से होटल ऊषा किरण पैलेस के लिए रवाना हुए। भारत बांग्लादेश मैच को लेकर ग्वालियर शहर हाई सिक्योरिटी जोन में तब्दील हो चुका है। कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों ही टीम के खिलाड़ी एयरपोर्ट से होटल और होटल से स्टेडियम पहुंचे। हिंदू महासभा सहित अन्य हिंदू संगठनों के द्वारा मैच को लेकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

# सरफराज खान ने जड़ा दोहरा शतक

## ईरानी कप : मुंबई ने पहली पारी में नौ विकेट पर बनाए 536 रन

● लखनऊ, ब्यूरो

**सरफराज** खान (221 नाबाद) के दोहरे शतक की बदौलत मुबंई ने ईरानी कप के पांच दिवसीय मुकाबले के दूसरे दिन बुधवार को शेष भारत के खिलाफ पहली पारी में नौ विकेट पर 536 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

इकाना स्टेडियम पर बुधवार के खेल के हीरो मुबंई के विशेषज्ञ मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज थे जिनका जवाब शेष भारत के किसी भी गेंदबाज के पास नहीं था। यूपी में आजमगढ़ के मूल निवासी सरफराज ने अपने मंगलवार के स्कोर 54 रन से आगे खेलना शुरु किया और आज की एक अंतहीन पारी में अपनी पूरी लय में दिखाई दिए। उन्होने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का अपना 14वां शतक शान के साथ पूरा किया। वह अपने दोहरे शतक के दौरान 25 चौके और चार छक्के अब तक जड़ चुके थे। सरफराज का साथ तनुस कोटियन (64) और शार्दुल ठाकुर (36) ने दिया। शार्दुल बुधवार के खेल के अंतिम ओवर में सारांश जैन का शिकार बने। इससे पहले शेष भारत को कप्तान अंजिक्य रहाणे (97) के तौर पर बुधवार की पहली सफलता मिली। वह यश दयाल की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गए और करियर का 41वां शतक बनाने से चूक गए। शेष भारत की ओर से मुकेश कुमार 109 रन देकर अब तक चार विकेट चटका चुके हैं जबकि यश दयाल और प्रसिद्ध कृष्णा के हाथ दो-दो विकेट लगे हैं।



## दिवांशी, मुकेश ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीते स्वर्ण

**लीमा, वार्ता** : भारतीय निशानेबाजों दिवांशी, मुकेश नेलवल्ली ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। पेरू की राजधानी लीमा में मंगलवार को दिवांशी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपने पहले 11 शॉट्स में से सात में चूकने के बावजूद 18 वर्षीय दिवांशी ने संभावित 50 में से 35 का स्कोर दर्ज करने के लिए वापसी की और इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया। भारतीय निशानेबाज जबरदस्त प्रदर्शन का सामना करने से पहले दोनों निशानेबाज पांच शॉट की अंतिम सीरीज में 31 के स्कोर पर बराबरी पर थे। फ्रांस की हेलोइस फोरे ने 30 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं मुकेश नेलवल्ली ने हमवतन सूरज शर्मा को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग का खिताब जीता।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK